दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 23 दिसंबर-2024 | ● वर्ष : 10 अंक : 3 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










## राहुल गांधी आज हिंसा प्रभावित परभणी का करेंगे दौरा, बीजेपी ने बताया 'नाटक'

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार को महाराष्ट्र के परभणी शहर का दौरा करेंगे। इसके दौरान वह इस महीने की शुरूआत में हुई हिंसा में मारे गए दो लोगों के परिवारों से मुलाकात करेंगे। हालांकि राहुल गांधी के इस दौरे को भाजपा ने ₹नाटक₹ करार दिया है। बता दें कि, 10 दिसंबर की शाम को मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित इस शहर के रेलवे स्टेशन के बाहर डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा के पास संविधान की कांच से बनी प्रतिकृति को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। जिसके बाद परभणी में हिंसा भड़क उठी थी।

कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार द्वारा साझा किए गए कार्यक्रम के अनुसार राहुल गांधी अंबेडकरवादी सोमनाथ सूर्यवंशी के परिवारों से मिलेंगे। जिनकी पुलिस हिरासत में मृत्यु हो गई थी। इसके अलावा वह विजय वाकोडे के



परिवार से भी मिलेंगे, जिनकी विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के दौरान मृत्यु हो गई थी।

बता दें कि, आरोप लगाए गए हैं कि सूर्यवंशी की पुलिस हिरासत में हत्या कर दी गई थी। हालांकि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हाल ही में राज्य विधानसभा में कहा कि उस व्यक्ति ने एक मजिस्ट्रेट को बताया था कि उसे प्रताड़ित नहीं किया गया था और सीसीटीवी फुटेज में भी क्रूरता का कोई सबूत नहीं मिला है। मुख्यमंत्री फडणवीस पहले ही परभणी हिंसा की न्यायिक जांच की घोषणा कर चुके हैं।

### भाजपा ने राहुल के दौरे को बताया नाटक

अब राज्य भाजपा प्रमुख और राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने राहुल गांधी के दौरे को ₹नाटक₹ करार दिया। उन्होंने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि, इस तरह के नाटक करने के बजाय, इस बात पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए कि रचनात्मक तरीकों से समाज को कैसे लाभ पहुंचाया जा सकता है? भाजपा और राज्य सरकार समाज और सभी समुदायों को एकजुट रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## हाल-ए-यूपीपीएससी परीक्षा गाजियाबाद

## दो पारियों में 13,920 में से 5160 ने छोड़ी परीक्षा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित यूपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा में गाजियाबाद में दोनों पालियों में बड़ी संख्या अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। गाजियाबाद में यूपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के 13920 अभ्यर्थी के लिए 31 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिसमें दो पालियों में यूपीपीएससी प्री परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें पहली पारी में 8760 और दूसरी में 8830 परीक्षार्थियों ने पेपर छोड़ने का काम किया है। पहली पारी में जहां 5160 और दूसरी पारी में 5090 अभ्यर्थी ही उपस्थित हुए। गाजियाबाद में परीक्षा शांति पूर्वक हुई है। कुल 5160 लोगों ने परीक्षा छोड़ी है।

### कुल 31 केंद्रों पर था 13,920 अभ्यार्थियों का सेंटर







### एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह का कॉर्डिनेशन रहा बेहतर

करंट क्राइम : गाजियाबाद में दो पालियों में हुई पीसीएस प्री परीक्षा 31 केंद्रों पर हुई। जिसमें दो पालियों में कुल 13,920 अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा के नोडल अधिकारी व अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्वक संपन्न हुई। उन्होंने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण भी किया गया। जिले में किसी भी परीक्षा केंद्र में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं मिली। साथ ही एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह ने परीक्षा को संपन्न कराने के लिए सभी से बेहतर कॉडिनेशन बनाए रखा ।

### पुलिस-प्रशासन रहा अलर्ट, हजारों ने छोड़ी परीक्षा

करंट क्राइम : यूपीपीएससी प्री परीक्षा को लेकर गाजियाबाद पुलिस-प्रशासन सुबह से ही अलर्ट रहा। गाजियाबाद में दो पालियों हुई पीसीएस प्री परीक्षा में 31



केंद्रों पर पहली पाली में 13920 अभ्यर्थी में कुल 5160 अभ्यर्थी शामिल हुए। पहली पाली में 8760 अभ्यर्थी ने पीसीएस प्री परीक्षा छोड़ी है। वहीं पहली पाली में कुल 37.07 प्रतिशत अभ्यर्थी ही पीसीएस प्री परीक्षा में शामिल हुए। तो वहीं दूसरी पाली में 36.57 अभ्यर्थी ने परीक्षा दी। पीसीएस प्री की दूसरी पाली में 13920 से 5090 अभ्यर्थी शामिल हुए। दूसरी पाली में 8830 अभ्यर्थी ने परीक्षा छोड़ी। गाजियाबाद में कुल 8830 अभ्यर्थियों ने पीसीएस प्री परीक्षा को छोड़ दी।

### स्टेटिक मजिस्ट्रेट रहे मुस्तैद, नहीं मिले नकलची

करंट क्राइम : प्रत्येक केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए थे। पीसीएस प्री की परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों ने पेपर को औसत बताया। रविवार को गाजियाबाद में पीसीएस प्री परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही भारी भीड़ रही। परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए अभ्यर्थियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 के लिए जिले में 31 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। प्रथम पाली में सुबह 9.30 से 11.30 तथा दूसरी पाली में दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक हुई।

### पुलिस ने बंद कराई फोटोस्टेट की दुकानें

करंट क्राइम : परीक्षा शुरू होने से काफी पहले ही पुलिस बल केन्द्रों पर पहुंच गया था। केंद्रों के आसपास फोटोस्टेट की खुली दुकानों को बंद कराया गया। देर शाम पुलिस सुरक्षा के बीच पैकेट सील्ड किए गए। वहीं सुरक्षा की कमान डीसीपी सिटी जोन व पुलिस बल ने संभालने का काम किया।

## शहर विधायक संजीव शर्मा ने किया दोबारा अध्यक्ष बनने वाली बात से इनकार

### कहा- 2014 से पहले वाले कार्यकर्ता को मिले मौका, संगठन का बहुत-बहुत आभार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संजीव शर्मा अब शहर विधायक हैं, लेकिन उनकी टीआरपी से इनकार नहीं किया जा सकता। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने खुद उनके जन्मदिन पर उन्हें अब तक के सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष का खिताब दिया था। संजीव शर्मा अब विधायक हैं और स्वागत का सिलसिला खत्म नहीं रहा। संजीव शर्मा एक ऐसे महानगर अध्यक्ष हैं जिन्हें पार्टी ने लगातार रिपीट किया और पूरे पश्चिम उत्तर प्रदेश में संजीव शर्मा केवल ऐसे दूसरे महानगर अध्यक्ष थे जो रिपीट किये गये। अब भाजपा में संगठन पर्व चल रहा है। चुनाव की बातें चल रही है और इन्हीं के बीच ये चर्चा शुरू हुई कि संजीव शर्मा को विधायक होने के साथ-साथ अध्यक्ष पद पर रिपीट किया जा सकता है। इसके पीछे तर्क भी दिया गया कि नरेंद्र कश्यप एमएलसी हैं, सरकार में मंत्री हैं और वो भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। भूपेंद्र चौधरी एमएलसी हैं और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। ऐसे में अगर शहर विधायक भी अध्यक्ष वाला अतिरिक्त




कार्यभार संभल लें तो कोई हर्ज नहीं है। उनके समर्थक चाहते हैं कि वह अध्यक्ष वाली पारी भी खेलें। चर्चा में कितना दम है और जिनके बारे में चर्चा हो रही है वो क्या कहते हैं, ये जानने के लिये करंट क्राइम ने संजीव शर्मा से बात की।

संजीव शर्मा ने दोबारा अध्यक्ष बनने की बात से इनकार किया। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी में दो बार से ज्यादा अध्यक्ष बनाए जाने का प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे पार्टी ने अध्यक्ष बनाया, फिर विधायक बनाया और मेरे पास आभार व्यक्त करने के लिये भी शब्द नहीं हैं। पूरे विश्व में भाजपा ही एक ऐसा राजनीतिक दल है जहां मुझ जैसा साधारण कार्यकर्ता भी महानगर अध्यक्ष बनता है और मेरे जैसे साधारण कार्यकर्ता को पार्टी विधायक बनाकर विधानसभा भेजती है।

अध्यक्ष कैसा होना चाहिए के सवाल पर संजीव शर्मा ने कहा कि मेरी व्यक्तिगत राय यह है कि 2014 से पहले के कार्यकर्ता को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। अध्यक्ष ऐसा होना चाहिए जो सबको साथ लेकर चले। बूथ और शक्तिकेंद्र को मजबूती दे। कार्यकताओं की आवाज बनकर काम करें। उन्होंने कहा कि मेरा यह भी मानना है कि जाति से ऊपर उठकर अच्छे कार्यकर्ता को प्राथमिकता दी जाए।

## 24 दिसंबर तक हो जाएंगे गाजियाबाद भाजपा मंडल अध्यक्षों के नाम शॉर्टलिस्ट

### - 28 दिसंबर तक जारी हो सकती है महानगर मंडल अध्यक्षों वाली लिस्ट



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा में मंडल चुनाव चल रहे हैं। आलम ये है कि मंडल अध्यक्षों के लिये बड़ी-बड़ी सिफारिशें आ रही हैं। केंद्र से लेकर प्रदेश सरकार के मंत्री फोन कर रहे हैं। संगठन के बड़े पदाधिकारियों से लेकर संघ के पदाधिकारी फोन कर रहे हैं। बूथ अध्यक्षों के घर के बाहर ढोल बज रहा है और मंडल अध्यक्ष बनने वाले कह रहे हैं कि संगठन एक बार बनाए तो सही ढोल तो हम खुद बजा लेंगे। मंडल अध्यक्ष के लिये क्रेज ये है कि एक-एक मंडल पर 18 से 20 दावेदारों के नाम हैं। विश्वसनीय सूत्र बता रहे हैं कि 24 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों के नाम शॉर्टलिस्ट हो जाएंगे, स्क्रीनिंग का काम हो रहा है। इसके बाद 28 तक गाजियाबाद के भाजपा मंडल अध्यक्षों के नाम की घोषणा हो जाएगी।

**नहीं होगी जिला और महानगर अध्यक्षों की मंडल वाली लिस्ट में कोई भूमिका :** सूत्र बताते हैं कि मंडल वाली टीम जब घोषित होगी। मंडल अध्यक्षों वाली लिस्ट जब आएगी तो इस लिस्ट के किसी भी इफेक्ट से जिला अध्यक्षों और महानगर अध्यक्षों को दूर रखा गया है। जो टीम स्क्रीनिंग का काम कर रही है उस टीम में जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष की कोई भूमिका नहीं रखी गई है। इस टीम में प्रभारी तो हैं लेकिन अध्यक्षों को दूर रखा गया है।

### कुछ इस तरह से जुड़ रहा है बैठक की डेट और घोषणा का कनेक्शन

बैठक की तारीख से घोषणा की तारीख को जोड़कर देखा जा रहा है। इसके लिये ये बताया जा रहा है कि 24 दिसंबर को तीन-तीन नाम तय हो जाएंगे और तर्क मंडल बैठक से दिया जा रहा है। मंडल की बैठकों से घोषणा का कनेक्शन है। जिन मंडलों की बैठक 20 नवंबर को हुई थी उन मंडलों की घोषणा 25 दिसंबर को जाएगी। जिन मंडलों की बैठक 21 नवंबर को हुई है वहां 26 दिसंबर को घोषणा हो जाएगी। इसी तरह गाजियाबाद की बैठक 24 को हुई लिहाजा ये अनुमान लगाया जा रहा है कि 28 या 29 दिसंबर को यहां घोषणा हो जाएगी।

### महानगर अध्यक्ष के लिये करना होगा नए साल का इंतजार

गाजियाबाद में संगठन की तिथि आगे खिसकी तो ऐसे में महानगर अध्यक्ष वाली घोषणा भी दस दिन आगे खिसक गई है। सूत्र बताते हैं कि महानगर अध्यक्ष के लिये नए साल का इंतजार करना होगा। ये नाम 8 या 10 जनवरी तक बाहर आएगा। नए साल में ही भाजपा को गाजियाबाद में नया महानगर अध्यक्ष मिलेगा।

## सर संघ चालक मोहन भागवत जी का कथन आज की परिस्थितियों में प्रासंगिक है : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महाराष्ट्र के पुणे में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघ चालक डा. मोहन भागवत जी का एक सेमिनार में दिया गया संबोधन आज की परिस्थितियों में प्रासंगिक है और भारत के समस्त नागरिकों के लिए मार्गदर्शन है। उन्होंने केवल हिंदुओं के लिए ही नहीं कहा है कि हर मस्जिद में मंदिर मत ढूंढो, उन्होंने मुस्लिमों से भी कुछ अपेक्षा की है। ये वनवे नहीं है। ये टू वे है दोनों धर्मों के लोगों के लिए कहा गया है। दोनों अपने अपने पक्षों का पालन करेंगे तो ही समाज में समरसता और एकता उत्पन्न होगी।



**सर संघ चालक मोहन भागवत ने केवल हिंदुओं के लिए ही नहीं कहा है कि हर मस्जिद में मंदिर मत ढूंढो, उन्होंने मुस्लिमों से भी कुछ अपेक्षा की है। ये वनवे नहीं है। ये टू वे है दोनों धर्मों के लोगों के लिए कहा गया है। दोनों अपने अपने पक्षों का पालन करेंगे तो ही समाज में समरसता और एकता उत्पन्न होगी।**

**एक समय उनके पूर्वज भी हिंदू थे ये बात मुस्लिमों को समझनी चाहिए। अगर भारतीय समाज को जोड़ने के सूत्र ढूंढेंगे तो उन्हें अपने ही गांव के हिंदुओं से जाकर जुड़ेंगे। और अगर नफरत के सूत्र ढूंढेंगे तो उन्हें हिंदुओं में काफिर दिखाई देगा।**



माननीय मोहन भागवत जी ने अपने संबोधन में जो कहा है, वह हिंदू धर्म का वास्तविक मत है। इस सत्य से कौन इंकार कर सकता है कि भारत में जो अधिकतर मुस्लिम हैं, उनके पूर्वज एक समय हिन्दू ही थे। किसी भय ,लालच, या अन्य किसी कारण से उन्होंने हिन्दू धर्म छोड़कर इस्लाम धर्म स्वीकार कर लिया। उन्होंने अपनी पूजा पद्धति बदल ली। वे अरब से नहीं आए। बल्कि एक समय बाहर से आए शासकों ने तलवार के जोर पर बड़ी संख्या में धर्म परिवर्तन कराया था। एक समय उनके पूर्वज भी हिंदू थे ये बात मुस्लिमों को समझनी चाहिए। अगर भारतीय समाज को जोड़ने के सूत्र ढूंढेंगे तो उन्हें अपने ही गांव के हिंदुओं से जाकर जुड़ेंगे। और अगर नफरत के सूत्र ढूंढेंगे तो उन्हें हिंदुओं में काफिर दिखाई देगा। माननीय भागवत जी ने अपने संबोधन में मुस्लिमों को भी मार्ग दर्शन कहा है।

हिंदू धर्म के सामने भी एक बड़ी चुनौती है। वह कहते हैं कि हिन्दू ने सारे धर्मों को अपने यहां प्रश्रय दिया। अपनी आस्था के अनुसार पूजा करने और अपने तीज त्यौहार मनाने का अवसर दिया। साथ ही अपने उदार दृष्टिकोण के कारण उन सारे धर्मों के अनुयायियों को भारत के व्यापक परिदृश्य में समाज में घुल मिला लिया कि उनकी कोई अलग से पहचान नहीं रही। हिंदू धर्म की अपनी उदारता और सहिष्णुता से सभी बाहरी धर्मों को भारतीय जीवन धारा का अविभाजित अंग बनाने में सफल रहा है। इस्लाम उसके लिए चुनौती के रूप में प्रस्तुत है।

*अयम निज परो वेती गणना लघुचेतसाम*
*उदार चरिता नाम तु वसुधैव कुटुम्बम।*

- यह अपना बन्धु है और यह अपना बन्धु नहीं है, इस तरह की गणना छोटे चित्त वाले लोग करते हैं। उदार हृदय वाले लोगों की तो (सम्पूर्ण) धरती ही परिवार है। हिंदू अपने जीवन दर्शन के अनुरूप इस्लाम को आत्मसात कर पाता है। या कुछ राजनैतिक दलों के लिए वोट बैंक बनकर सत्ता के लाभ पाने के अवसर उत्पन्न होने देता है और राष्ट्रवादी दलों को सत्ता से दूर रखने के अभियानों को सफल होने देता है। या संघर्ष की स्थिति में इस्लाम को परास्त कर पाता है या देश को एक और बंटवारे की मांग को जन्म देने का अवसर पैदा होने देता है।

# यूपी में बिजली निजीकरण के विरोध में पूरे देश में प्रदर्शन व विरोध सभाएं हुईं

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर शुक्रवार को यूपी और चंडीगढ़ में बिजली निजीकरण के विरोध में पूरे देश में विरोध प्रदर्शन व यूपी में विरोध सभाएं की गईं। बिजली कर्मचारियों व अभियंताओं की राष्ट्रीय समन्वय समिति (एनसीसीओईईई) ने चेतावनी दी है कि उत्तर प्रदेश में निजीकरण के लिए बिडिंग डाक्यूमेंट जारी होते ही देश के लाखों बिजली कर्मी सड़कों पर उतर जाएंगे।



## बिजली का निजीकरण बड़ा घोटाला

एनसीसीओईईई ने बिजली के निजीकरण को बड़ा घोटाला बताते हुए कहा कि अरबों खरबों रुपये की परिसंपत्तियों को कौड़ियों के मोल बेचने की किसी भी साजिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन प्रबंधन कर्मचारियों को गुमराह न करे। बिडिंग से पहले आरएफपी डॉक्यूमेंट जारी करे तो निजीकरण के घोटाले का खुलासा हो जाएगा।

**प्रबंधन कर्मचारियों को गुमराह कर रहा है :** शुक्रवार को यूपी में समस्त ऊर्जा निगमों के तमाम बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं ने निजीकरण विरोधी दिवस मनाया और कार्यालय समय के बाद सभी जिलों, परियोजनाओं के साथ ही राजधानी लखनऊ में विरोध सभा की। संघर्ष समिति ने पावर कारपोरेशन प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि प्रबंधन कर्मचारियों को गुमराह कर रहा है और भय का वातावरण बनाकर ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशांति को बढ़ावा दे रहा है।

## सीएम के नेतृत्व में बिजली व्यवस्था सुधारने में जुटे हैं कर्मचारी

उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ में बिजली के निजीकरण के विरोध में मुम्बई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, त्रिवेंद्रम, विजयवाड़ा, गुवाहाटी, नागपुर, रायपुर, जबलपुर, भोपाल, शिमला, जम्मू, श्रीनगर, देहरादून, चंडीगढ़, पटियाला, रांची, आदि स्थानों पर बड़े प्रदर्शन हुए। संघर्ष समिति के पदाधिकारी राजीव सिंह, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय, आरबी सिंह, राम कृपाल यादव, मायाशंकर तिवारी, राम चरण सिंह, योगेन्द्र कुमार, एके श्रीवास्तव शुक्रवार को जारी बयान में कहा है कि प्रदेश के बिजली कर्मचारी और अभियंता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बिजली व्यवस्था के सुधार में लगातार लगे हुए हैं।

पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने प्रदेश के 42 जनपदों में बिजली वितरण के निजीकरण की घोषणा कर बिजली कर्मियों को उद्वेलित कर दिया है। बिजली कर्मी अभी भी पूरी मेहनत से कार्य कर रहे हैं और निजीकरण के विरोध में सभी ध्यानाकर्षण कार्यक्रम कार्यालय समय के बाद कर रहे हैं।

संघर्ष समिति ने कहा है कि आगरा के निजीकरण के पहले जारी किए गए आरएफपी डॉक्यूमेंट में एटीएंडसी हानियां बहुत अधिक बढ़ाकर बताई गई थीं, जो फर्जी थी।

# श्री जगन्नाथ मंदिर में 1 जनवरी से लागू होगी नई 'दर्शन' प्रणाली

**पुरी।** पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए ओडिशा सरकार एक नई व्यवस्था शुरू करने जा रही है। कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने रविवार कहा कि सरकार 1 जनवरी से जगन्नाथ मंदिर में सार्वजनिक दर्शन के लिए नई व्यवस्था शुरू करने के लिए कदम उठा रही है।



उन्होंने कहा, मंदिर प्रशासन की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। 27 या 28 दिसंबर तक नई व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। 30 और 31 दिसंबर को दो दिनों के लिए नई व्यवस्था प्रायोगिक आधार पर शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक जनवरी से नई दर्शन व्यवस्था पूरी तरह लागू कर दी जाएगी।

## महिलाओं और बुजुर्गों के लिए अलग व्यवस्था

मंत्री ने कहा कि इस नई व्यवस्था के तहत मंदिर में आने वाली महिलाओं, बच्चों, दिव्यांग व्यक्तियों और वरिष्ठ व्यक्तियों के लिए भी विशेष व्यवस्था की जा रही है। नई व्यवस्था के अनुसार, भक्त मौजूदा द्वार (सतपहाचा) से जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश करेंगे, जबकि बाहर निकलने के लिए दो अलग-अलग द्वार (घंटी और गरदा) होंगे। हरिचंदन ने कहा कि उन्होंने और श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने शनिवार को मंदिर का दौरा किया और मंदिर में नई सुविधा शुरू करने के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

इससे पहले श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने कहा था कि यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि श्रद्धालुओं को अक्सर भीड़भाड़ के कारण गर्भगृह में देवताओं के दर्शन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस कदम के तहत 'नटमंडप' (नृत्य हॉल) में अलग से अवरोधक लगाए जाएंगे, साथ ही दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी।

उन्होंने कहा था कि 'नटमंडप' में छह पंक्तियों में लकड़ी के अवरोधक लगाने की योजना बनाई जा रही है। इस कार्य के लिए 'ओडिशा ब्रिज एंड कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड' को नियुक्त किया गया है और उसने वर्ष के अंत तक इस कार्य को पूरा करने का आश्वासन दिया है।

# महिला सम्मान और संजीवनी योजना के लिए दिल्ली में कल से शुरू होंगे रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली।** दिल्ली की महिलाओं और बुजुर्गों के लिए खुशखबरी है। दिल्ली में महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना के लिए रजिस्ट्रेशन सोमवार 23 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया अरविंद केजरीवाल आज इसका ऐलान किया। इसके लिए ह्यआपह्न कार्यकर्ता लोगों के घर-घर जाकर महिलाओं और बुजुर्गों का रजिस्ट्रेशन करेंगे।




'आप' मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में केजरीवाल ने कहा कि महिला सम्मान निधि के 2100 रुपये के लिए दिल्ली सरकार द्वारा कल से रजिस्ट्रेशन शुरू किया जा रहा है। ह्यआपह्न पार्टी की तरफ से टीम लोगों के घर जाएगी और वहां पर जाकर रजिस्ट्रेशन करेगी। दूसरी योजना संजीवनी के तहत 60 से अधिक उम्र के बुजुर्गों का मुफ्त इलाज करने की योजना है। सबके इलाज का खर्चा दिल्ली सरकार की तरफ से वहन किया जाएगा। इसका रजिस्ट्रेशन भी कल से किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमारी टीम घर-घर जाकर संजीवनी योजना और महिला सम्मान योजना के लिए रजिस्ट्रेशन करेगी। इसके लिए दिल्ली का वोटर आईडी कार्ड होना जरूरी है और आप लोग खुद वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं कि आपका वोट रद्द तो नहीं हो गया।

उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि वो बड़े पैमाने पर वोट रद्द कर रहे हैं

केजरीवाल ने कहा, ह्लआज हम इस योजना की शुरूआत कर रहे हैं। कल सीएम आतिशी, मनीष सिसोदिया जी और मैं कुछ इलाकों का दौरा करेंगे और हम अपने हाथों से रजिस्ट्रेशन करके इस योजना की शुरूआत करेंगे।

**क्या है महिला सम्मान योजना :** केजरीवाल ने बीते 12 दिसंबर को ही दिल्ली सरकार की ओर से मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना शुरू करने की घोषणा की थी। केजरीवाल ने कहा था कि यदि चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी फिर से सत्ता में लौटती है तो मासिक सहायता राशि 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,100 रुपये की जाएगी। ह्यमुख्यमंत्री महिला सम्मान योजनाह्न की घोषणा इस वर्ष का बजट पेश करते हुए मार्च में 2,000 करोड़ रुपये के आवंटन के प्रावधान के साथ की गई थी। उसे दिल्ली कैबिनेट ने भी मंजूरी दे दी है।

योजना के तहत दिल्ली में 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी पात्र महिलाओं को मूल रूप से 1,000 रुपये प्रति माह देने का प्रस्ताव था। ह्यआपह्न सरकार ने मौजूदा बजट के तहत इस योजना के लिए 2000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। संभावित लाभार्थियों की पात्रता के लिए मानदंड यह है कि महिला सरकारी नौकरी न करती हो या उसे पेंशन नहीं मिलती हो और वह जीएसटी या आयकर का भुगतान नहीं करती हो।

# क्राइम ब्रांच ने दबोचा मोबाइल टावरों में चोरी करने वाला गिरोह

## 7 करोड़ का माल और तीन वाहन हुए बरामद

### गिरोह का मास्टरमाइंड है कबाड़ी शाहरुख मलिक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** ब्रांच गाजियाबाद की टीम ने दिल्ली-एनसीआर सहित देश के अलग-अलग राज्यों में मोबाइल टावरों के कीमती पार्ट्स चुराने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने लगभग 7 करोड़ रुपए का चोरी का माल और तीन वाहन बरामद किए हैं। क्राइम ब्रांच गाजियाबाद के प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी और एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने जानकारी दी है कि पुलिस ने गिरोह के सदस्य शाहरुख मलिक उम्र 30 वर्ष, वसीम मलिक, अनस खान, साहिल मलिक, कय्यूम मंसूरी को गिरफ्तार किया है। सभी चोरी करने में एक्सपर्ट और कबाड़ी का काम करते हैं। इस गिरोह का मास्टरमाइंड शाहरुख मलिक और वसीम मलिक हैं। पुलिस ने बताया है कि इनके पूर्व में कई साथी गिरफ्तार हो चुके हैं।





### शाहरुख ने पहले छोड़ी बीए की पढ़ाई, फिर लगाया बिरयानी का ठेला

**करंट क्राइम ।** पुलिस की जानकारी है कि शातिर आरोपी शाहरुख मलिक ने बीए द्वितीय वर्ष में अपनी पढ़ाई छोड़ दी थी। पढ़ाई छोड़ने के बाद उसने कुछ समय तक बिरयानी का ठेला लगाया। इसके बाद वर्ष 2021 में वह अपने पिता के साथ कबाड़ का धंधा करने लगा और चोरी का माल लेता था। इलेक्ट्रॉनिक डिवीजन से लेकर वह अन्य कीमती सामान की खरीद फरोख्त किया करता था। आठ महीने पहले वो जेल भी गया था। उसपर 50 हजार का इनाम भी था। इसके साथ ही पुलिस ने बताया है कि शाहरुख पर असम और गाजियाबाद में कुल चार मुकदमे दर्ज हैं। तो वसीम पर असम और गाजियाबाद में पांच, अनस पर असम में चार और गाजियाबाद में एक मुकदमा है। साहिल पर असम में दो और गाजियाबाद में दो मुकदमें और कय्यूम पर बागपत में दो और गाजियाबाद में दो मुकदमे दर्ज हैं।

### कई प्रदेशों में करते थे मोबाइल टावरों से चोरी

**करंट क्राइम ।** एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने जानकारी दी है कि पकड़े गए सभी आरोपी नई उम्र के हैं और चोरी के साथ-साथ यह कबाड़ का धंधा भी करते हैं। पुलिस ने बताया है कि इन लोगों ने पंजाब, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गाजियाबाद-नोएडा, दिल्ली-एनसीआर सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई स्थानों पर मोबाइल टावरों से रेडियो रिसीवर यूनिट, बैटरी व अन्य कीमती उपकरण चोरी किए हैं। साथ ही पूछताछ में मोबाइल टावरों से रेडियो रिसीवर यूनिट बैटरी कीमती उपकरण कि उनके पास जानकारी है। पूर्व में भी क्राइम ब्रांच जावेद मीरापुरिया व उसके गिरोह के 39 सदस्यों को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।

# 18 साल का आशिक, गर्लफ्रेंड 51 की

## मां की मोहब्बत की दुश्मन बनी अपनी ही बेटी



**कानपुर।** कानपुर के भीतरगांव इलाके में प्रेम प्रसंग का एक अजब-गजब मामला सामने आया। इसमें 51 साल की महिला अपने 18 साल के प्रेमी के साथ फरार हो गई। महिला के चार बच्चे हैं, बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। फरार होने के बाद विवाहित बेटी ने फरार हुई मां की इधर उधर खोजबीन करना शुरू किया।

जानकारी मिलते ही पुलिस को सूचित किया। पुलिस भी बिना समय गवाएं मौके पहुंची, तो दोनों घर में मौजूद मिले। फिर थाने में महिला और प्रेमी दोनों एक साथ रहने की जिद पर अड़े रहे। फिलहाल पुलिस ने दोनों को समझाकर उनके परिवार वालों को सुपुर्द कर दिया।

**चार बच्चों की मां है महिला :** साढ़ थाने के कुड़नी इलाके के एक गांव निवासी महिला चार बच्चों की मां है। उसका पति बाहर प्राइवेट नौकरी करता है। उसकी बड़ी बेटी विवाहित है, तीन बच्चे घर में रहते हैं। उसके गांव से तकरीबन पांच किलोमीटर दूर बसे दूसरे गांव के 18 साल के लड़के से जान पहचान हो गई।

**खेतों में दोनों चुपके से मिलने लगे :** इसके बाद धीरे-धीरे दोनों के बीच में प्यार परवान चढ़ने लगा। प्रेमी युवक के घर आने पर महिला के बच्चे विरोध करने लगे और लाठी-डंडे से पीटने की धमकी दी। कभी कभार खेतों में जाकर दोनों चुपके से मिलने लगे। फिर बच्चों ने मां पर नजर रखनी शुरू कर दी।

**विवाहित बेटी मां की खोजबीन करती रही :** साढ़ पुलिस के मुताबिक महिला उस लड़के के साथ तीन दिन पहले फरार हो गई और उसका कोई अता पता नहीं चला। महिला की विवाहित बेटी मां की खोजबीन के लिए लगी रही। तभी उसे जानकारी मिली कि फरार हुई मां उसी लड़के के घर में मौजूद है।

**महिला और प्रेमी साथ रहने की जिद करने लगे :** विवाहित बेटी ने साढ़ पुलिस को जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो महिला अपने प्रेमी के घर में ही मिल गई।

पुलिस ने प्रेमी जोड़े के घरवालों को थाने बुलाया। थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत शुरू हुई। महिला और प्रेमी दोनों एक साथ रहने की जिद करने लगे।

**प्रेमी युवक की दो बहनें और मां हैं :** इस पर पुलिस ने समझा बुझाकर दोनों को उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। जिस प्रेमी के घर महिला तीन दिन से रह रही थी, उस घर में प्रेमी युवक की दो बहनें और मां भी रहती थीं। इस मामले की इलाके में हर कोई चर्चा कर रहा है और लोग तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

# संभल के बाद मुरादाबाद में मिला बंद मंदिर

## डर के चलते 39 साल पहले पलायन कर गया था जैन समुदाय

**पाकबड़ा।** पाकबड़ा के रतनपुर कलां गांव में 39 सालों से बंद जैन मंदिर की जांच करने पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने जैन समाज के लोगों से मंदिर के बारे में जानकारी ली। रतनपुर कलां गांव से जैन समाज के करीब दो दर्जन से ज्यादा परिवार 39 साल पहले सामूहिक डकैती के बाद पलायन कर गए थे।



पलायन के बाद उनका मंदिर भी बंद हो गया था। मंदिर स्थल अब कूड़े से ढक गया है। जैन मंदिर की जानकारी लेने के लिए एलआईयू और पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। रतनपुर कलां गांव से पलायन करने वाले प्रदीप कुमार जैन ने बताया कि जैन मंदिर से मूर्तियों को बंद करने से पहले वहां से हटा लिया गया था।

इस मंदिर की जगह पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। इसकी शिकायत की गई थी लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। समाज के लोग इस स्थान को सरकार को दान देना चाहते हैं। इस स्थान पर लोगों की भलाई के लिए कुछ किया जा सकता है।

# 'बंटोगे तो लुटोगे...', महापंचायत में राकेश टिकैत ने दिया एकजुटता का मंत्र, बड़े आंदोलन की चेतावनी दी

**एटा।** एटा के मारहरा रोड पर शनिवार को किसान महापंचायत में आए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत ने हक की लड़ाई के लिए किसानों को एकजुट रहने का मंत्र दिया। कहा कि बंटोगे तो लुटोगे। केंद्र व प्रदेश की सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही थी, लेकिन आय दोगुनी नहीं हुई। कर्ज जरूर दोगुना हो गया।



राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संसद परिसर में धक्का-मुक्की मामले को लेकर कहा कि देश के इतिहास में यह पहली घटना हुई है कि तहरीर के आधार पर एक बड़े नेता पर रिपोर्ट दर्ज की गई। इससे संसद की गरिमा को गिराने का कार्य हुआ है।

महापंचायत में उन्होंने कहा कि खेत में हम पैदावार करते हैं उसका सही मूल्य हम तक नहीं पहुंचता। बिचौलिए बीच में अपना हिस्सा लेते हैं। किसानों को यूरिया, डीएपी नहीं मिल पा रही है। सरकार चाहती है कि किसान परेशान होकर उसे अपनी जमीन बेच दे।

कहा कि संगठित रहो, सरकार हमें लूट लेगी। जल्द दिल्ली से एक बड़ा आंदोलन होने जा रहा है। कहा कि 2013 से सर्किल रेट नहीं बढ़ाए हैं। जबकि सरकार किसानों की जमीन का अधिग्रहण लगातार कर रही है, सर्किल रेट बढ़ाना चाहिए। इस पर कोई बात नहीं होती है। किसान आयोग की रिपोर्ट पर कुछ नहीं होता है।

स्थानीय मुद्दे उठाते हुए कहा कि जिले में पानी के लिए पाइप लाइन डाली जा रही है। भूमि अधिग्रहण हो रहा है। उसका मूल्य मिलना चाहिए।

# बच्चे चीखते रहे... मां के यार ने पिता को मरने तक मारा

## पत्नी खड़ी देखती रही पति की मौत का तमाशा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पत्नी के अवैध संबंध का विरोध करने पर शनिवार रात 48 वर्षीय मजदूर की हत्या कर दी गई। महिला के प्रेमी सोनू रावत ने घर में घुसकर लोहे की रॉड से मजदूर के सिर पर ताबड़तोड़ वार किए और भाग गया। कुछ ही समय में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस की दो टीमें आरोपी की तलाश में लगी हैं।



मामला मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव का है। परिजनों ने बताया कि मजदूर की पत्नी के सोनू रावत से अवैध संबंध हैं। इसे लेकर दंपती के बीच आए दिन झगड़ा होता था। शनिवार रात नौ बजे मजदूर की पत्नी अकेली घर लौटी। सवाल-जवाब करने पर दंपती में झगड़ा शुरू हो गया। इसके बाद मारपीट होने लगी। इस बीच सोनू रावत लोहे की रॉड लेकर पहुंचा और पीछे से मजदूर के सिर पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए।

**मूकदर्शक बनी खड़ी रही पत्नी :** वारदात के समय मजदूर की दो नाबालिग बेटियां और बेटा घर पर ही थे। बच्चों ने पिता को बचाने का प्रयास भी किया, पर नाकाम रहे। पत्नी पास ही मूकदर्शक बनी खड़ी रही। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मदद के लिए दौड़े तो आरोपी भाग निकला।

एंबुलेंस की मदद से मजदूर को ट्रॉमा ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर लौट आए। एसीपी रजनीश ने बताया कि आरोपी के घर पर दबिश दी गई, पर वह हाथ नहीं आया।

# छोड़ आए हम वो गलियां : पुराने शहर की तंग बस्तियों से किया पलायन, कालोनियों में जा बसे 200 हिंदू परिवार

**अलीगढ़।** कभी अलीगढ़ शहर की तंग बस्तियों में बड़ी संख्या में रहने वाले हिंदू परिवार अब धीरे धीरे पलायन करके कालोनियों में पहुंच गए है। कोतवाली क्षेत्र से अब तक करीब 200 परिवार पलायन कर चुके हैं। इन परिवारों के मकानों को मुस्लिम समाज के लोगों ने खरीदा है। इसके चलते कई इलाके हिंदू आबादी से खाली हो चुके हैं। तेली समाज की आबादी वाले सराय काले खां में अब हिंदू आबादी नहीं हैं। बाबरी मंडी से हिंदू परिवारों का पलायन जारी है। यहां से अब तक 20 हिंदू परिवार आगरा रोड और मथुरा रोड इलाकों में बस चुके हैं। 2014 के बाद से पलायन कम हुआ है।



शहर के बीचोबीच स्थित मोहल्ला सराय काले खां में करीब 50 साल पहले तेली समाज के 50 से अधिक परिवार रहते थे। वे लोग कोल्हू चलाकर तेल का कारोबार करते थे। बताते हैं कि 1978 में शहर में दंगे भड़के थे। यह इलाका दंगों से काफी प्रभावित रहा। इस दौरान हिंदू परिवार मुस्लिम समाज के लोगों को मकान बेचकर सुरक्षित स्थानों पर पलायन कर गए। इसके चलते यहां अब हिंदू परिवार नहीं हैं।

बाबरी मंडी निवासी ग्रीश चंद्र गुप्ता बताते हैं कि ये इलाके दंगों से प्रभावित रहे हैं और हिंदू परिवारों का पलायन हुआ। बाबरी मंडी से नरेश कुमार, उमेश गौड़, प्रदीप गौड़, संजय वार्ष्णेय, कालीशंकर, महेश चंद्र, गोपाल दास समेत 20 परिवार यहां से चले गए। ज्यादातर मकान मुस्लिम समाज ने खरीदे हैं। कुछ मकान बंद हैं।

बाबरी मंडी निवासी विनय वार्ष्णेय बताते हैं कि 2014 के बाद से हिंदू परिवारों का पलायन रुका है। 2012 में संजीव शर्मा ने यहां से पलायन किया था, इनके मकान को भी मुस्लिम व्यक्ति ने खरीदा है।

विनय बताते हैं कि बाबरी मंडी मोहल्ले से बाहर निकलने के लिए पांच रास्ते हैं, जिनमें पठान मोहल्ला, भुजपुरा, तुर्कमान गेट, शनीचरी पैठ मियां की सराय, पीली कोठी है।

# बढ़ेगी किसानों की उपज और आय

**वाराणसी।** जापान की दो कंपनियों ने वन विभाग के सहयोग से जिले के तीन गांवों में बैंबू चारकोल बनाने का काम शुरू कर दिया है। चारकोल के प्रयोग से स्थानीय लोगों को कृषि उपज बढ़ने के साथ ही शुद्ध पानी भी मिलेगा। चार साल के लिए भारत और जापान सरकार में समझौता हुआ है। भारत में पहली बार वन आधारित गंगा अनुकूल आजीविका परियोजना के तहत काम हो रहा है। वाराणसी के रमना, चांदपुर और मुस्तफाबाद में चार साल तक यह काम किया जाएगा। जापान की कंपनी ओइस्का इंटरनेशनल और जापान इंटरनेशनल कॉरपोरेशन एजेंसी काम कर रही हैं।

**खोया-पाया**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे भूखंड की मूल रजिस्ट्री जिसका खसरा नंबर 655 मि,प्लाट नंबर ,जी 83 , 60.22 वर्ग मीटर पिपलेहडा वरधा एनक्लेव परगना डासना, तहसील धौलाना जिला हापुड,वास्तव में कहीं गुम हो गई है, किसी अन्य के द्वारा इसका प्रयोग अवैध होगा । साहिल फ्लैट नंबर एस एफ ,2 प्लॉट नंबर 26 ,27 चिकम्बरपुर गाजियाबाद।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# कांग्रेस जिला और महानगर कमेटी करेगी 24 दिसंबर को गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ प्रदर्शन

### - पहले अंबेडकर की प्रतिमा के नीचे करेंगे माल्यार्पण, फिर सौपेंगे अधिकारियों को ज्ञापन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गृहमंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में दिए गए अंबेडकर पर बयान को लेकर लगातार राजनीतिक गर्मा रही है। संसद से लेकर सड़क तक प्रदर्शन, आंदोलन और गृहमंत्री से माफी मांगे जाने और उनका मंत्रालय छीने जाने का दबाव बढ़ रहा है। इसी को लेकर कांग्रेस भी लगातार प्रदर्शन, आंदोलन और ज्ञापन दे रही है। कांग्रेस पार्टी की महानगर और जिला कमेटी प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर 24 दिसंबर को गाजियाबाद में गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन करने की रणनीति तैयार की है। जिसके तहत पहले महानगर और जिला कांग्रेस के अलग-अलग फ्रंटल के प्रभारी गाजियाबाद में एकत्रित होंगे, फिर एक स्थान पर बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के नीचे माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसमें मांग की जाएगी कि गृहमंत्री अमित शाह अपने पद से इस्तीफा दें। वह देश की जनता और दलित समाज से माफी मांगे। कांग्रेस पार्टी के जिला कार्यालय पर रविवार को प्रेसवार्ता करते हुए महानगर अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी विजय चौधरी, पूर्व महानगर अध्यक्ष रहे बिजेंद्र यादव और महिला विंग की प्रभारी सोनल नागर ने पत्रकारों को कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया है। कहा जा रहा है कि यह कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन अमित शाह के खिलाफ होगा। जिसमें भीड़ जुटाने का भी लक्ष्य पदाधिकारियों को दे दिया गया है।




### देश से माफी मांगें अमित शाह : विजय चौधरी



करंट क्राइम : कांग्रेस पार्टी के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने कहा है कि अमित शाह ने जिस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल संविधान रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के लिए किया है, इस पर उन्हें खेद व्यक्त करना चाहिए। उन्हें देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। साथ ही अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने भारतीय राजनीति में जिस तरीके की अशोभनीय टिप्पणी की है, वह ठीक नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि 24 तारीख को होने वाला कांग्रेस पार्टी का धरना-प्रदर्शन विशाल होगा। इसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटेंगे, तमाम नेताओं को इसमें शामिल किया जाएगा।

### भाजपा और संघ करता है देश के प्रमुख नेताओं का अपमान : बिजेंद्र यादव



करंट क्राइम : कांग्रेस पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष बिजेंद्र यादव का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी और संघ की यह पुरानी परिपाटी रही है ,वह देश के शीर्ष नेताओं और महापुरुषों के खिलाफ अपनी अशोभनीय टिप्पणी करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि नेहरू से लेकर भीमराव अंबेडकर का मामला कोई नया नहीं है। पहले भी भाजपा के नेताओं द्वारा इनपर इस प्रकार की टिप्पणी की गई है। बिजेंद्र यादव ने केंद्र सरकार से मांग की है कि अमित शाह को उनके पद से हटाया जाए, साथ ही वह देश की जनता से मांफी भी मांगे।

### महिलाएं भी आंदोलन में होंगी बड़ी संख्या में शामिल

करंट क्राइम : रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए महिला विंग की अध्यक्ष सोनल नागर ने कहा है कि 24 दिसंबर को कांग्रेस पार्टी का जो प्रदर्शन होगा, उसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और महिला पदाधिकारियों को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि अभी स्थान तय नहीं है कि कहां पर अधिकारियों को ज्ञापन दिया जाएगा और आंदोलन शुरूआत कहां से होगा। फिलहाल महिला पदाधिकारियों को 24 तारीख के लिए आमंत्रित करने का कार्यक्रम शुरू कर दिया गया है।

### पूरी हो गई प्रेसवार्ता, नहीं आए जिलाध्यक्ष

करंट क्राइम : कांग्रेस जिला कार्यालय पर रविवार को 24 दिसंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में प्रेसवार्ता थी। इस दौरान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी को भी उपस्थित रहना था। विनीत त्यागी पत्रकार वार्ता में समय से नहीं पहुंचे तो पदाधिकारियों ने उन्हें फोन लगाया। उन्होंने कहा कि उन्हें आने में देरी हो जाएगी लेकिन पत्रकार वार्ता पूरी समाप्त हो गई और कांग्रेस के जिला अध्यक्ष तब तक भी नहीं पहुंच पाए। इस बात की चर्चा कांग्रेस कार्यालय पर भी सुनाई दी।

### बसपा भी बना रही है बड़े आंदोलन की रणनीति

करंट क्राइम : गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर लगातार अलग-अलग राजनीतिक दल और विरोध में उतर रहे हैं। तो जानकारी मिल रही है कि 24 दिसंबर को उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी भी जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करेगी और दलित सामान का अपमान बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। देखना होगा कि 24 तारीख को पुलिस-प्रशासन और सुरक्षा के साथ इंटेलीजेंस के अधिकारियों का क्या रुख रहता है और वह नेताओं पर किस प्रकार से सख्ती करते हैं।

### कांग्रेस के नेताओं ने नहीं बताया प्रदर्शन का स्थान, नजर आ रहा है हाउस अरेस्टिंग का डर

करंट क्राइम : कांग्रेस के नेताओं ने 24 तारीख को आंदोलन, धरना, प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने को लेकर पत्रकार वार्ता की लेकिन उन्होंने यह नहीं जानकारी दी कि वह इस कार्यक्रम की शुरूआत कहां से करेंगे। कार्यक्रम स्थल क्या रहेगा, सूत्र बता रहे हैं कि कांग्रेस के नेताओं को डर है कि कहीं 24 तारीख होने वाले आयोजन से पहले ही पुलिस और प्रशासन कांग्रेस के प्रमुख नेताओं को हाउस अरेस्ट ना कर लें। बता दें कि इससे पहले भी कई आयोजनों और प्रदर्शन की चेतावनी से पूर्व कांग्रेस के नेताओं को पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट किया गया है। बीते दिनों कांग्रेस के नेताओं ने लखनऊ विधानसभा का घेराव की चेतावनी दी थी। उसके बाद भी कांग्रेस के कई नेताओं को घर पर ही हाउस अरेस्ट कर लिया गया था।

## 24 को जिला और महानगर में कौन जुटाएगा ज्यादा भीड़
## महिला विंग से लेकर यूथ कांग्रेस पर रहेगी नजर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कांग्रेस पार्टी गृहमंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर बड़ा मुद्दा बन चुकी है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से लेकर जिला, प्रदेश और महानगर के पदाधिकारी भारतीय जनता पार्टी को घेरने का काम कर रहे हैं। तो वहीं मृहमंत्री अमित शाह को टारगेट पर लेते हुए पूरी बीजेपी को घेरा जा रहा है। 24 दिसंबर को पूरे प्रदेशभर में कांग्रेस पार्टी की महानगर और जिला कमेटी प्रदर्शन आंदोलन और ज्ञापन सौपें कार्यक्रम की तैयारी कर रहा है। ऐसे में सवाल हो रहा है कि 24 दिसंबर को गाजियाबाद में कांग्रेस महानगर और जिला कमेटी में कौन ज्यादा ताकतवर तरीके से प्रदर्शन करता है। इसके साथ ही महानगर और जिले की कमेटी में भीड़ कौन सा संगठन ज्यादा जुटाने का काम करता है ,यह भी देखा जाना आवश्यक रहेगा। दोनों ही जिला और महानगर की कमेटियां इस कार्यक्रम को संयुक्त रूप से कर रही हैं ताकि शीर्ष नेतृत्व के सामने एक अच्छी पिक्चर प्रस्तुत की जाए। देखना होगा 24 दिसंबर का कांग्रेस के प्रदर्शन का नजारा कैसा रहता है।

### कौन सा विंग दिखाएगा ज्यादा जोश और मचेगा शोर

करंट क्राइम : 24 दिसंबर को प्रदर्शन के दौरान इस बात पर भी नजर रहेगी कि कौन सा विंग ज्यादा ताकत दिखाएगी और किस विंग के पदाधिकारी ज्यादा जोर लगाते हैं और शोर मचाएंगे। कांग्रेस पार्टी में महिला व यूथ से लेकर अलग-अलग तमाम विंग हैं। देखना होगा कांग्रेस पार्टी का कौन सा पूर्व विधायक, कौन सा चेहरा जो चुनाव में कई बार नजर आए हैं, वह कौन-कौन दिखेगा और कितनी भीड़ कांग्रेसी इस बार प्रदर्शन में जुटा पाते हैं।

## नदिया पार में कर रहे हैं मानसिंह गोस्वामी शहर विधायक संजीव शर्मा के बड़े स्वागत की तैयारी



### डीएलएफ में बजेगा ढोल, बजेंगे नगाड़े और कंबल वितरण के साथ होगा तुलसी पूजन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संजीव शर्मा अब शहर विधायक हैं और अब उन्होंने अपना आशियाना भी नदिया पार से शिफ्ट कर लाइनपार में बना लिया है। राजनीति में विरोध का आधार हमेशा परिस्थितियों होती हैं और दोस्ती भी यही तय करते हैं। अगर राजनीति में आप कुछ बेटर करना चाहते हैं तो फिर पुरानी बातों का कोई मेटर नहीं होता है। मानसिंह गोस्वामी ने दिल बड़ा किया है और उस मौके पर बड़ा किया है जब भारत रत्न स्व. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती है। अटल बिहारी वाजपेयी की कविता है कि ह्यह्यछोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता, ... और मानसिंह गोस्वामी ने बड़े मन का परिचय देते हुए शहर विधायक संजीव शर्मा के बड़े स्वागत की तैयारी की है। इस स्वागत के लिये बैंड और ढोल का इंतजाम किया गया है। नगाड़े की गूंज भी होगी। सूत्र बताते हैं कि इस कार्यक्रम के साथ ही एक नई ट्यूनिंग युग की शुरूआत होगी। क्योंकि अब दोनों ही राहें अलग-अलग हैं। संजीव शर्मा को अब विधानसभा का रास्ता तय करना है और मानसिंह गोस्वामी संगठन में स्थान पाने के लिये प्रयास कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि स्वागत का यह कार्यक्रम 25 दिसंबर को अटल जयंती पर होगा। 25 दिसंबर को मानसिंह गोस्वामी ने डीएलएफ के सेंट्रल पार्क में अटल जयंती शताब्दी संगोष्ठी का आयोजन किया है। इस कार्यक्रम में तुलसी पूजन होगा, कंबल वितरण होगा और जो सबसे अलग होगा वो शहर विधायक संजीव शर्मा का स्वागत कार्यक्रम होगा। बताया जाता है कि स्वागत कार्यक्रम की पूरी तैयारी हो चुकी हैं। ढोल नगाड़े, बैंड बाजे का इंतजाम किया गया है। मानसिंह गोस्वामी इस स्वागत कार्यक्रम से क्या संदेश देना चाहते हैं, ये वो बेहतर जानते हैं।

### मानसिंह ने की है पहल, अब संजीव शर्मा को देना है संदेश

**करंट क्राइम।** राजनीति में संधि का भी एक संदेश होता है। मानसिंह गोस्वामी ने शहर विधायक बनने पर संजीव शर्मा के स्वागत का कार्यक्रम रखा। एक अच्छी पहल की है। मानसिंह गोस्वामी वैसे भी भाजपा के समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ता हैं। वो ऐसे महानगर अध्यक्ष हैं जिन्हें एक चुनौती भरे समय के दौरान रात को घर से बुलाकर महानगर अध्यक्षी की कमान सौंपी गई थी। पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता हैं और अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार भी माने जा रहे हैं। अनुभवी नेता हैं, व्यवहार कुशल नेता हैं और अब उन्होंने स्वागत के साथ हाथ आगे बढ़ाया है। इस कार्यक्रम में उन्होंने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से लेकर शहर विधायक संजीव शर्मा को बुलाया है। अब सबकी निगाहें संजीव शर्मा पर होंगी। क्या वो इस कार्यक्रम में जाते हैं। वहां अगर वो जाते हैं तो क्या कहते हैं और दोनों तरफ से अब क्या संदेश आता है। इसी से आगे का संदेश पता चलेगा।

## मंडल वाली पारी में अगर ऐज है 45 प्लस तो आपकी दावेदारी हो जाएगी माइनस

### अगर एक साल वाला भी आ रहा है इस रूल में तो वो ना रहे किसी भूल में

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा ने अपने संगठन प्लान को इस बार ऐज के कड़े नियम से जोड़ा है। उसको अपनी वायु यानी हवा पर भरोसा है, लेकिन वो अग संगठन के नवनिर्माण में आयु को सबसे बड़ा फैक्टर मान रही है। भाजपा के संगठन कर्णधार पहले ही कह चुके हैं कि भाजपा संगठन का निर्माण 2027 के चुनावी रण के लिये कर रही है। वो मंडल अध्यक्षों से लेकर बूथ अध्यक्षों तक अपने चुनावी यौद्धाओं की फौज तैयार कर रही है। ऐसे में एक बड़ी चुनौती उन नामों के सामने है जो भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं, समर्पित कार्यकर्ता हैं, सक्रिय कार्यकर्ता भी हैं, लेकिन वो आयु के बेरियर पर रुक गए हैं। ऐसे कार्यकताओं के लिये ये संदेश है कि अगर वो उम्र वाले बेरियर पर आ रहे हैं तो वो अपना कॅरियर मंडल से आगे की ओर कर लें। क्योंकि अगर किसी भी मंडल अध्यक्ष दावेदार का नाम 45 प्लास वाली लिस्ट में है तो यह नाम स्क्रीनिंग में माइनस हो जाएगा। खास बात ये है कि मंडल में इस बार चर्चा एक वर्ष वालों को रिपीट करने वालों की भी चल रही है। ये बताया जा रहा है कि जिनका कार्यकाल एक वर्ष का हुआ है उनको रिपीट किया जा सकता है लेकिन यहां पर ये शर्त रख दी गई है कि अगर ये एक साल वाले भी 45 प्लस वाले रूल में आते हैं तो फिर वो अपनी अध्यक्षी को भूल जाएं। क्योंकि ये नियम उम्र की सीमा पार करने वालों पर लागू नहीं होगा। एक साल का कार्यकाल हुआ है और मंडल अध्यक्ष वाली आयु सीमा में आ रहे हैं तभी उनके नाम को रिपीट करने पर विचार होगा। यहां सूत्र बता रहे हैं कि आयु सीमा वाले नियम को लेकर संगठन ने स्पष्ट आदेश दे दिये हैं।

## भाजपा महानगर अध्यक्ष के लिए चर्चा में आ गए हैं कौन से पांच नाम
## ओबीसी और जनरल फैक्टर का भी रखा जाएगा ताजपोशी में पूरा ध्यान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर अध्यक्ष पद की दौड़ अब फाइनल दौर में आ गई है। सूत्र बताते हैं कि नए साल में नया अध्यक्ष मिलेगा, लेकिन नाम पुराने साल में ही तय हो जाएंगे। दावेदारी की एक लंबी लिस्ट है, लेकिन स्टोरी का ट्विस्ट वो पांच नाम हैं जो हाइकमान वालों के पास पहुंच गए हैं। सूत्र बताते हैं कि पार्टी आलाकमान के पास जो पांच नाम पहुंचे हैं उनमें मयंक गोयल, मानसिंह गोस्वामी, गोपाल अग्रवाल, पवन गोयल और पप्पू पहलवान के नाम हैं। सूत्र बताते हैं कि इन पांच नामों में से किसी एक नाम पर सहमति बनेगी। संगठन का पर्व चल रहा है। मंडल की घोषणा होने वाली है और इसके बाद महानगर अध्यक्ष का नाम आएगा। गाजियाबाद में महानगर अध्यक्ष पद की ताजपोशी होनी ही है क्योंकि यहां महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा अब शहर विधायक हो चुके हैं। ऐसे में अब नया अध्यक्ष आना ही है।

### भगवा राजनीति के समर्पित चेहरे हैं ये पांचों ही नाम



**करंट क्राइम।** अगर राजनीति की बात करें और सियासत में समर्पन की बात करें, सक्रियता की बात करें, मेहनत की बात करें तो ये पांचों ही चेहरे अपने-अपने ट्रैक रिकॉर्ड के साथ हैं। मयंक गोयल भाजपा के मूल कार्यकर्ता हैं और वो चुनावी रणनीति से लेकर संगठन की रणनीति के माहिर हैं। संघ की दीक्षा बचपन से है और भाजपा उनके डीएनए में है। मानसिंह गोस्वामी भाजपा के वो कार्यकर्ता हैं जिन्होंने पश्चिम बंगाल तक डेरा डालकर भाजपा का प्रचार किया है। वो महामंत्री रहे हैं, महानगर अध्यक्ष रहे हैं। क्षेत्रीय टीम में पदाधिकारी हैं और महानगर अध्यक्ष की दावेदारी है। बेहतर तालमेल और सधी हुई रणनीति के साथ संगठन को चलाने की क्षमता रखते हैं। गोपाल अग्रवाल भाजपा के कर्मठ, समर्पित कार्यकर्ता हैं। महामंत्री हैं और पूरी सक्रियता के साथ राजनीति करते हैं। कार्यकताओं के साथ उनका सौम्य व्यवहार और बेहतर संवाद उन्हें एक अलग स्थान देता है। पार्टी के हर आयाम में गोपाल अग्रवाल की मौजूदगी रहती है। अध्यक्ष पद की दौड़ में प्रबल दावेदार हैं। पवन गोयल भाजपा के पार्षद रहे हैं। वो संगठन में पदाधिकारी रहे हैं। उनपर सरकारी कृपा भी हुई है, वो मौजूदा समय में जीडीए बोर्ड सदस्य भी हैं। विधानसभा की दावेदारी में भी उनका नाम चला था और अब वो महानगर अध्यक्ष पद की दावेदारी में हैं। पप्पू पहलवान भाजपा का एक ऐसा चेहरा हैं जो पूरी तरह से सक्रिय और समर्पित राजनीति करते हैं। कार्यक्रमों की कमान को बेहतर संभालते हैं। पार्टी के प्रति निष्ठा ऐसी कि 24 घंटे सातों दिन वो उपलब्ध हैं। कार्यकताओं के साथ उनकी ट्यूनिंग अच्छी है और ये चेहरा भी महानगर अध्यक्ष पद के लिये बेहतर विकल्प हो सकता है।

### भाजपा साधेगी त्यागी फैक्टर और ओबीसी फैक्टर में बैलेंस!



**करंट क्राइम।** अब एक चर्चा ये भी है कि भाजपा अगर महानगर सीट पर जनरल कार्ड खेलती है तो फिर उसे जिले में ओबीसी फैक्टर पर काम करना होगा। वहीं एक चर्चा ये भी है कि भाजपा यहां जनरल और ओबीसी से ज्यादा अपने सक्रिय कार्यकर्ता पर ध्यान देगी। ये चर्चा चल रही है कि त्यागी फैक्टर जिले में लागू हो सकता है, अगर महानगर में चेहरा वैश्य या ओबीसी आता है तो जिले में त्यागी फैक्टर पर काम होगा। सूत्र बताते हैं कि अगर ऐसा होता है तो यहां प्रेम त्यागी, बोबी त्यागी और राजेश त्यागी के नाम महानगर की सीट के लिये माने जा रहे हैं। क्योंकि अगर जिले में ओबीसी कार्ड चला तो फिर यहां त्यागी कार्ड हो सकता है। जिले में ओबीसी चेहरों में डीडी यादव, रामकुमार त्यागी, दिनेश सिंघल और हिमांशु शर्मा के नाम चल रहे हैं।

## संपादकीय

# प्रेम का सर्वोच्च शिखर

फैशन डिजाइनर, इतिहास-दर्शन और देसी जीवन के प्रति प्रेम रखने वाले ब्रुनेलो कुसेनेली की बड़ी बेटी की जब साल 2015 में शादी हो रही थी, तब उन्हें पता था कि बेटी को क्या तोहफा देना है। तोहफा भी सिर्फ एक नहीं बल्कि एक हजार किताबों से भरी लाइब्रेरी थी, शब्दों से सराबोर, जो उसे ताउम्र प्रेरित कर सके। अपनी छोटी बेटी के लिए भी बिल्कुल इसी तरह का तोहफा दे चुके फैशन डिजाइनर का कहना है, मेरा मानना है कि इस तोहफे के जरिए मैंने दोनों चीजें दी, बड़े तौर पर एक भौतिक चीज और एक तोहफा, जो आध्यात्मिक ज्यादा है..ह्ल उन्होंने अपने हर नाती-पोतों के लिए एक हजार किताबें बचाकर रखी हैं। वह 17वीं सदी के इतालियन विला में रहते हैं और उनकी किताबों का संग्रह गहरे पाठकों और किताब प्रेमियों के बीच सबसे चर्चित विषय है। उनके बारे में पढ़ने के बाद मैंने भी किसी को कुछ भी तोहफे में देने का अपना तरीका बदल दिया। मेरे 90 वर्षीय नाना को किस-मी चॉकलेट पसंद थी और इकलौता मैं ही था, जो दक्षिण भारत में अपने गांव जाने के दौरान हर बार उनके लिए किलो भरकर चॉकलेट ले जाता। वह वरांडा में बैठकर घंटों वो चॉकलेट चबाते रहते, जबकि उनका एक भी दांत नहीं था। पर वो फिर भी हमेशा नाखुश रहते और कहते कि ये जल्दी खत्म हो जाती हैं क्योंकि गांव के बच्चे उन्हें चॉकलेट खाता देखकर उनसे ये मांगते और गांव के बुजुर्ग होने के नाते वो उन्हें मना भी नहीं कर सकते थे। इससे मुझे आइडिया आया कि इसके साथ ही मैं बहुत सारी रावलगोन चॉकलेट खरीद भी लेता हूं, जिसे चबाना मुश्किल है और बच्चे भी इसका आनंद उठा सकते हैं, जबकि वो मुलायम वाली किस-मी खुद खा सकते हैं। जिस विचारशीलता के साथ मैंने उन्हें उपहार दिए, ताकि वो अपनी खुशी भी बरकरार रखते हुए इसे दूसरों से साझा कर सकें, इससे उनके पोपले मुंह पर हमेशा मुस्कान आ जाती। मैं 90 साल की उम्र में उस मुस्कान से सम्मोहित हो जाता। एक दशक पहले पढ़ी ब्रुनेलो की कहानी और अपने दिवंगत नाना के साथ बिताई यादें इस शनिवार को मुझे तब याद आ गईं, जब मेरी एचआर विभाग की सहकर्मी गुरप्रीत कौर का एक मेल आया, जिसमें उन्होंने दैनिक भास्कर के सारे कर्मचारियों को अपने-अपने दफ्तर में एक बाउल से एक नाम की पर्ची उठाने के लिए कहा, जिनसे वह 2024-क्रिसमस के सीक्रेट सांता बन सकते हैं। उनके इस लैटर की कहानी इतनी भर नहीं थी। इसमें आगे लिखा था कि जिस भी व्यक्ति का नाम वह पर्ची में उठाते हैं, उनके लिए सबसे नायाब और खूब सोचकर तोहफा चुनें। तोहफे देने का आइडिया भले दशकों पुराना हो सकता है लेकिन दोनों (देने वाले और पाने वाले) इसकी ऊर्जा को फिर से जीते हैं। मेरे लिए वह पत्र केवल एक चैलेंज भर नहीं था, बल्कि यह किसी को चार्म करने का निमंत्रण था। मैंने इसे चैलेंज और चार्म इसलिए कहा क्योंकि तोहफा देने वाले को उपहार चुनने के लिए, इसे पाने वाले के जीवन में इतनी गहराई तक प्रवेश करना होता है, जो एक बड़ा चैलेंज है, इसके अलावा उसे पाने वाले को उस विचारशील तोहफे से चार्म भी महसूस होना चाहिए।

# युवाओं को देंगे बड़ी सौगात पीएम मोदी

## रोजगार मेले में 71000 युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली।** रोजगार मेले की शुरूआत 22 अक्तूबर 2022 को हुई थी। हाल में संसद के शीतकालीन सत्र में सरकार ने बताया था कि रोजगार मेले के जरिए अब तक कई लाख युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को भर्ती अभियान 'रोजगार मेला' के तहत करीब 71,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के मुताबगिक, प्रधानमंत्री इस अवसर पर युवाओं को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित भी करेंगे। पीएमओ ने बताया कि रोजगार सृजन को मुख्य प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पूरी करने की दिशा में यह रोजगार मेला महत्वपूर्ण कदम है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्म सशक्तीकरण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। इससे पहले



प्रधानमंत्री मोदी ने अक्तूबर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रोजगार मेले में युवाओं को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र बांटे थे। रोजगार मेला देशभर में 40 जगहों पर आयोजित किया गया था। इसमें राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय जैसे विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में भर्ती हुए लोग शामिल हुए थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कहा था, इस उत्सवी माहौल में, आज इस पावन दिन पर, रोजगार मेले में 51,000 युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं। मैं आप सभी को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। भारत सरकार में देश के लाखों युवाओं को स्थायी सरकारी नौकरी देने का सिलसिला जारी है। भाजपा और एनडीए शासित राज्यों में भी लाखों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं।

### देश भर में 45 जगह आयोजित किया जाएगा

रोजगार मेला देश भर में 45 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नियुक्त किया जाएगा। इनमें गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एवं वित्तीय सेवा शामिल हैं।

### 22 अक्तूबर 2022 को हुई थी शुरूआत

रोजगार मेले की शुरूआत 22 अक्तूबर 2022 को हुई थी। हाल में संसद के शीतकालीन सत्र में सरकार ने बताया था कि रोजगार मेले के जरिए अब तक कई लाख युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है।

# सेबी की फ्रंट-रनिंग मामले में सख्त कार्रवाई, नौ पर लगाई रोक 21 करोड़ रुपये किए जब्त

**मुंबई।** बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक फ्रंट-रनिंग मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए पीएनबी मेट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के इक्विटी डीलर सचिन बकुल दगली और आठ अन्य संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। सेबी के मुताबिक, सचिन बकुल दगली और आठ संस्थाओं द्वारा तीन वर्षों से अधिक समय से फ्रंट रनिंग की जा रही थी और इस तरह इन सभी ने मिलकर 21.16 करोड़ रुपये का अवैध मुनाफा कमाया है। बाजार नियामक द्वारा इन सभी को शेयर बाजार से प्रतिबंधित कर दिया गया है और साथ ही अवैध रूप से अर्जित किए गए लाभ को जब्त कर लिया है। सेबी ने कार्रवाई से पहले पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस से जुड़े कुछ संदिग्ध फ्रंट-रनिंग ट्रेड की जांच की थी। इस जांच का उद्देश्य था कि क्या संदिग्ध संस्थाएं या अन्य लोग, जिसमें डीलर और फंड मैनेजर भी शमिल हैं। पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस के ट्रेड में



फ्रंट रनिंग कर रहे थे। साथ ही क्या इसमें सेबी के नियमों का उल्लंघन हुआ है। 1 जनवरी,2021 से लेकर 19 जुलाई, 2024 तक चली इस जांच में पता चला कि पीएनबी मेटलाइफ में अधिकांश ट्रेडिंग डिसीजन एग्जीक्यूशन के लिए सचिन बकुल दगली को सौंपे गए थे।

# गरीबों की मदद के लिए चावल पर जीएसटी घटाया नमकीन पॉपकॉर्न पर नहीं बढ़ाया कर : निर्मला सीतारमण

**जैसलमेर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को घोषणा की कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने चावल पर कर की दर को घटाकर 5 प्रतिशत करने, जीवन रक्षक जीन थेरेपी को कर मुक्त करने और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों (एसएएम) के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले पुर्जों के लिए जीएसटी छूट की अवधि बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक के बाद वित्त मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि चावल पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है।



उन्होंने कहा, इसी प्रकार, खाद्य पदार्थों की तैयारी पर 5 प्रतिशत जीएसटी की छूट उन सामग्रियों पर लागू है, जो सरकारी कार्यक्रमों के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मुफ्त वितरित की जाती हैं, जो मौजूदा शर्तों के अधीन है; इसलिए यह भी मौजूदा 5 प्रतिशत की दर का ही विस्तार है। कैरेमलाइज्ड पॉपकॉर्न पर कर बढ़ाकर 18 प्रतिशत करने के औचित्य को स्पष्ट करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इसमें अतिरिक्त चीनी भी शामिल है, जो कार्बोनेटेड पेय की तरह एक अलग श्रेणी है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और इसलिए इसे उच्च कर स्लैब के अंतर्गत रखा गया है। उन्होंने बताया कि बाजार में नमकीन और सादा पॉपकॉर्न भी बेचे जा रहे हैं और उन पर जीएसटी नहीं बढ़ाया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि काली मिर्च (चाहे वह ताजी हरी हो या सूखी काली मिर्च हो) और किशमिश, जब किसान द्वारा आपूर्ति की जाती है, तो उस पर जीएसटी नहीं लगता है। हालांकि, अगर ये वस्तुएं व्यापारियों द्वारा बेची जाती हैं, तो उन्हें कर देना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सॉफ्टवेयर समेत एसएएम मिसाइलों के निर्माण में शामिल सभी पुर्जों (पार्ट्स) को जीएसटी से छूट दी जाएगी। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि 2,000 रुपये से कम के लेनदेन करने वाले भुगतान एग्रीगेटर छूट के लिए पात्र हैं, लेकिन यह भुगतान गेटवे और फिनटेक सेवाओं पर लागू नहीं होता है। उन्होंने कहा कि बैंकों और एनबीएफसी द्वारा उधारकताओं द्वारा ऋण शर्तों का पालन न करने पर वसूली जाने वाली दंडात्मक शुल्क या लेवी पर कोई जीएसटी देय नहीं है। यह कदम छोटे व्यवसायों की मदद करने में काफी मददगार साबित होगा। वित्त मंत्री ने आगे बताया कि बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा की गई कि क्या क्विक कॉमर्स कंपनियों और ई-कॉमर्स ऐप द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले खाद्य पदार्थों की डिलीवरी के शुल्क पर अलग से जीएसटी लगाया जाना चाहिए।

# 2024 में शेयर बाजार में स्मॉलकैप स्टॉक्स का रहा दबदबा, लार्जकैप से दिया 3 गुना अधिक रिटर्न

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार के लिए 2024 अब तक उतार-चढ़ाव भरा रहा। बाजार में शुरूआत में तो अच्छी तेजी देखने को मिली, लेकिन हाल के कुछ महीनों में एक सीमित दायरे में कारोबार किया है, लेकिन इस दौरान भी शेयर बाजार में स्मॉलकैप स्टॉक्स का ही दबदबा रहा।

स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों ने लार्जकैप की अपेक्षा करीब 3 गुना रिटर्न दिया है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के मुख्य सूचकांक सेंसेक्स ने 2024 की शुरूआत से लेकर 20 दिसंबर तक निवेशकों को 7.98 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इस दौरान सेंसेक्स 5,769 अंक बढ़कर 78,041 पर पहुंच गया है। बीएसई मिडकैप इंडेक्स ने इस साल की शुरूआत से लेकर 20 दिसंबर तक निवेशकों को 24.81 प्रतिशत का रिटर्न दिया है, यह लार्जकैप यानी सेंसेक्स द्वारा इस अवधि में दिए गए रिटर्न से करीब तीन गुना है। समीक्षा अवधि में बीएसई मिडकैप इंडेक्स 9,189 अंक बढ़कर 46,226 पर पहुंच गया है।



लार्जकैप और मिडकैप की अपेक्षा स्मॉलकैप का प्रदर्शन 2024 में बेहतर रहा है। बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स ने इस साल की शुरूआत से लेकर 20 दिसंबर तक 28.29 प्रतिशत का रिटर्न दिया है, जो सेंसेक्स द्वारा इस अवधि में दिए गए 7.98 प्रतिशत के रिटर्न के मुकाबले 3 गुना से भी अधिक है। इस दौरान बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स 12,162 अंक बढ़कर 55,149 पर पहुंच गया है। 2024 में स्मॉलकैप कंपनियों में सबसे ज्यादा 464 प्रतिशत का रिटर्न वी2 रिटेल, 399 प्रतिशत का रिटर्न इंडो टेक ट्रांसफार्मर, 323 प्रतिशत का रिटर्न शैली इंजीनियरिंग प्लास्टिक, 313 प्रतिशत का रिटर्न रेफेक्स इंडस्ट्रीज, 208 प्रतिशत का रिटर्न ज्योति सीएनसी ऑटोमेशन ने दिया है। बाजार के जानकारों का कहना है कि अर्थव्यवस्था मजबूत होने के कारण 2025 के लिए बाजार का आउटलुक काफी सकारात्मक है। अगले साल ब्याज दरों में केंद्रीय बैंक द्वारा कटौती किए जाने के कारण निवेशकों का फोकस उपभोग से जुड़े सेक्टरों पर रह सकता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- इंद्रधनुष आमतौर पर सुबह और शाम को देखा जाता है लेकिन दोपहर में बहुत ही कम होता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इंद्रधनुष बनाने के लिए प्रकाश को 42 डिग्री पर बारिश की बूंद पर गिरना चाहिए जो दोपहर में संभव नहीं है क्योंकि सूर्य 42 डिग्री से अधिक ऊंचाई पर होता है।
- ऐसा माना जाता है कि इंद्रधनुष को उसके आकार के कारण नाम दिया गया था। चाप एक धनुष की तरह दिखता है (जैसे धनुष और तीर) और जब यह घटना घटित हुई तो आमतौर पर बारिश हो रही थी।
- न्यूटन ने इंद्रधनुष के रंगों को निर्धारित किया जो हम आज याद करते हैं। हालांकि, मूल रूप से उन्होंने नारंगी या इंडिगो शामिल नहीं किया था। उन्होंने उन्हें बाद में अपने अप्रत्यक्ष विश्वास के कारण जोड़ा कि 7 अलग-अलग रंग होने चाहिए, जैसे कि संगीत पैमाने में 7 नोट्स और सप्ताह के 7 दिन होते हैं।
- हवा से देखे जाने पर इंद्रधनुष पूर्ण सर्किल के रूप में दिखाई देते हैं। वे केवल जमीन से चाप के रूप में दिखाई देते हैं क्योंकि दर्शक के नीचे कोई वर्षा नहीं हो रही होती है।

### केंद्रीय सरकारी कंपनियों का मुनाफा वित्त वर्ष 2023-24 में 47 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) का कुल शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 में सालाना आधार पर 47 प्रतिशत बढ़कर 3.22 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 2.18 लाख करोड़ रुपये था। यह जानकारी एक आधिकारिक रिपोर्ट में दी गई। बाजार पूंजीकरण में वृद्धि में मुख्य योगदान एनटीपीसी लिमिटेड, ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, कोल इंडिया लिमिटेड और इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड का रहा है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक ? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

संता दारू पीते हुए पकड़ा गया...
जज- इस आदमी को क्यों पकड़ा गया
वकील- ये आदमी दारू पीकर
ड्राइव कर रहा था
जज- क्या सबूत है कि इसने दारू पी रखी थी
वकील- ये व्यक्ति खुद,
संता- जी सर, एक पेग ही लिया था
जज भी बेहोश।

---

जज-तुमने हवलदार की जेब में
माचिस क्यों जलाई?
पप्पू-सर, हवलदार साहब ने कहा था,
जमानत चाहिए, तो जेब गर्म कर, मैंने माचिस जला दी।

---

एक लड़का भागते हुए लड़की के पास आया और
बोला-मैं तुमसे दोस्ती करना चाहता हूं...
लड़की-तो हमारी दुश्मनी कब थी भैया?

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए जी एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## करंट क्राइम
## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
## 23 12 2024 आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



सोनाली रावत
अभिनेत्री


दीपांशी चारण



आद्विक


आरव ठाकुर


हंसिका


रमा सिंघल


जया भाटी


रोशनी ठाकुर


संगीता


आचार्य दिवाकर शर्मा


वकील अंसारी


प्रेम कुमार


नरेन्द्र कुमार बिल्लू


सागर करण


दीपक गौयल


समीर खान


हरभजन सिंह


रोनी जैन


अमरजीत कुमार


दीपक गुर्जर


अभिजीत भारद्वाज

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com



# 'बुमराह ने आकाश दीप को ज्यादा उत्साहित नहीं होने की दी थी सलाह'

**मेलबर्न ।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज आकाश दीप ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन टेस्ट की पहली पारी में अच्छी गेंदबाजी नहीं की थी और महंगे रहे थे। 28 वर्षीय इस गेंदबाज ने खुलासा किया है कि बुमराह की इस छोटी सलाह ने उनके पहले ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर उनकी काफी मदद की है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जाएगा। आकाश दीप बोले - बुमराह की सलाह से मदद मिली आकाश दीप ने अभ्यास सत्र के दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह मेरा पहला ऑस्ट्रेलिया दौरा है। बुमराह भाई ने मुझे छोटी सलाह दी थी जिसने मेरी मदद की। वह कभी भी किसी चीज को जटिल नहीं बनाते। उन्होंने मुझसे कहा कि अति उत्साहित मत हो, अनुशासन में रहो क्योंकि यहां की पिच में तेज गेंदबाजों के लिए काफी कुछ है। उसी तरह गेंदबाजी करने पर ध्यान दो जैसा भारत में करते हो।

## 'ऑस्ट्रेलिया में मदद मिलती है'

आकाश दीप ने ब्रिसबेन टेस्ट में तीन विकेट लिए थे और बुमराह के साथ मिलकर पहली पारी में अंतिम विकेट के लिए 47 रनों की साझेदारी की थी। आकाश ने कहा, ऑस्ट्रेलिया में गेंदबाजी करना कठिन है। मैं सिर्फ भारत में ही खेला हूं। घरेलू मैदान पर तेज गेंदबाजों को कम मदद मिलती है और हम अपनी लेंथ शॉट रखते हैं। ऑस्ट्रेलिया में आपको मदद मिलती है, विशेषकर नई गेंद से। कई बार जब अच्छी गेंदबाजी कर रहे होते हो तो आप बल्लेबाज को पछाड़ने में सफल हो जाते हो। तेज गेंदबाज के तौर पर आपको अनुशासन में रहना होता है।

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने आकाश दीप की सराहना की थी और उन्हें प्रतिभाशाली गेंदबाज कहा था। आकाश ने कहा, जब मैं स्मिथ को लगातार परेशान कर रहा था, लेकिन उनका विकेट नहीं ले पा रहा था तो मुझे अपनी किस्मत पर गुस्सा आ रहा था। कई बार ऐसा होता है कि आपको विकेट नहीं मिलता, ये ऐसी चीज है जो आपके नियंत्रण में नहीं है। आपको बस सही क्षेत्र में गेंदबाजी करनी है। हमें सिर्फ प्रक्रिया पर भरोसा करना है। मैं अच्छी गेंदबाजी कर सकता हूं, अपनी रणनीति को अमल कर सकता हूं, लेकिन विकेट के पीछे नहीं भाग सकता। विकेट लेने से ज्यादा मैं अपनी गेंदबाजी का आनंद लेता हूं।

# सीनियर नेशनल बैडमिंटन: गत विजेता अनमोल खरब, आयुष शेट्टी प्री-क्वार्टर फाइनल में हारे

**बेंगलुरु ।** निचली रैंकिंग वाली खिलाड़ियों ने दबदबा बनाया और रविवार को यहां सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में गत विजेता अनमोल खरब सहित सभी शीर्ष छह महिला एकल खिलाड़ी हारकर बाहर हो गईं।

हाल ही में गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची अनमोल को 12वीं वरीयता प्राप्त श्रेयांशी वलीशेट्टी ने 21-12, 21-15 से हराया, जबकि 16वीं वरीयता प्राप्त तस्नीम मीर ने शीर्ष वरीयता प्राप्त आकर्षि कश्यप को 21-19, 21-17 से हराया।

अन्य कोर्ट पर, 15वीं वरीयता प्राप्त श्रेया लेले ने बेंगलुरू में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जहां उन्होंने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पूर्व चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त अनुपमा उपाध्याय को 13-21, 21-18, 21-14 से हराया। 13वीं वरीयता प्राप्त देविका सिहाग ने अपना संयम बनाए रखते हुए चौथी वरीयता प्राप्त और पिछले संस्करण की उपविजेता तन्वी शर्मा को 21-19, 21-18 से हराया, जबकि गैर वरीयता प्राप्त रुजुला रामू ने पांचवीं वरीयता प्राप्त मानसी सिंह को 21-19, 20-22, 21-13 से हराया और 14वीं वरीयता प्राप्त साक्षी फोगाट ने छठी वरीयता प्राप्त अदिता राव का अभियान 21-18, 21-19 से समाप्त किया।



सातवीं वरीयता प्राप्त इशारानी बरुआ, जिन्होंने होनहार रक्षिता श्री एस को 23-21, 21-19 से हराया, अब अंतिम आठ में सबसे अधिक वरीयता प्राप्त हैं और क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला तस्नीम मीर से होगा। पूर्व विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और दूसरे वरीय आयुष शेट्टी चैंपियनशिप से बाहर होने वाले सर्वोच्च रैंक वाले पुरुष एकल खिलाड़ी थे, जिन्हें 14वें वरीय अलाप मिश्रा के खिलाफ 21-15, 11-21, 21-5 से हार का सामना करना पड़ा। राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता एम थारुन पूर्व चैंपियन मिथुन मंजूनाथ की चतुराई का मुकाबला नहीं कर सके और उन्हें 21-18, 21-12 से हार का सामना करना पड़ा।

# खेल मंत्री ने फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल को हरी झंडी दिखाई

**नई दिल्ली ।** इस सप्ताह की शुरूआत में शुरू किए गए फिट इंडिया साइक्लिंग अभियान की निरंतरता को बनाए रखते हुए, केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में ह्यफिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल को हरी झंडी दिखाई।



खेल मंत्री के अलावा, इस कार्यक्रम में 500 से अधिक राइडर्स मौजूद थे, जिनमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), भारतीय खेल प्राधिकरण के कैंपर्स और आईजी स्टेडियम के युवा जिमनास्ट, वरिष्ठ अधिकारी और राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न साइक्लिंग क्लब शामिल थे।

रविवार के फ्लैग-ऑफ समारोह में पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार शैंकी सिंह भी मौजूद थे, जिन्हें पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन जिंदर महल की टैग टीम का हिस्सा होने के लिए सम्मानित किया जाता है। इस बीच, पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार विजेता टेबल टेनिस खिलाड़ी मौमा दास ने भारतीय खेल प्राधिकरण राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) कोलकाता में संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई। साइक्लिंग अभियान के व्यापक प्रभाव का उल्लेख करते हुए, मांडविया ने कहा, फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल भारत में 1100 से अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित की जा रही है। इस सप्ताह की शुरूआत में साइकिलिंग अभियान की शुरूआत ने साइकिल चलाने के प्रति जागरूकता को तेजी से फैलाया है।

# हैदराबाद एफसी की अंतिम क्षणों की कमजोरी का फायदा उठाने उतरेंगे हाईलैंडर्स

**हैदराबाद ।** हैदराबाद एफसी सोमवार को शाम 7:30 बजे जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी की मेजबानी करेगी। हाईलैंडर्स के खिलाफ हैदराबाद एफसी अपने पिछले नौ मैचों में अपराजित (6 जीत, 3 ड्रा) है, जो आईएसएल में किसी भी टीम के खिलाफ उनका सबसे लंबा सिलसिला है।

नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी 11 मैचों में चार जीत, तीन ड्रा और चार हार से 15 अंक लेकर तालिका में आठवें स्थान पर है। हैदराबाद ने लगातार खराब परिणामों के चलते हेड कोच थांगबोई सिंग्टो को हटा दिया है। हैदराबाद एफसी 11 मैचों में दो जीत, एक ड्रा और आठ हार से सात अंक लेकर तालिका में 12वें स्थान पर है।



**क्लीन शीट:** हैदराबाद एफसी ने इस सीजन में शुरूआती 11 मैचों में दो क्लीन शीट रखी हैं जबकि हाईलैंडर्स ने अपने पिछले दो मैचों में कोई गोल नहीं किया है।

## हाईलैंडर्स लगातार दो हार के बाद इस मैच में उतरेंगे और हेड कोच जुआन पेड्रो बेनाली जीत से इस सिलसिले को खत्म करना चाहेंगे

अंतिम 30 मिनटों में लड़खड़ाहट: हैदराबाद एफसी ने अपने मैचों के अंतिम 30 मिनट में केवल एक बार गोल किया है, लेकिन छह गोल खाए हैं, जो रक्षात्मक कमजोरी को दशार्ता है। हाईलैंडर्स के पैने हमले सीधे हमले: नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने इस सीजन में सबसे अधिक 30 सीधे हमले किए हैं, जिनमें तीन गोल हुए। अलाएद्दीन अजारेई का असर: मोरोक्कन विंगर फॉरवर्ड ने 15 गोल में योगदान देकर हाईलैंडर्स के लिए आठ अंक जीते हैं । आमने-सामने आईएसएल में इन दोनों टीमों के बीच 10 मैच खेले गए हैं। हैदराबाद एफसी ने छह जीत हासिल की हैं, जबकि नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने एक बार जीती है।

# रोहित नंबर 6 पर खेलते समय अपनी सफेद गेंद की मानसिकता को अपनाएं : शास्त्री

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने सुझाव दिया है कि कप्तान रोहित शर्मा को गुरुवार से मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे आगामी बॉक्सिंग डे टेस्ट में छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरते समय अपनी सफेद गेंद की सफल रणनीति को अपनाने की जरूरत है।

रोहित ने पर्थ में 295 रनों की जीत में सलामी बल्लेबाज के रूप में केएल राहुल के अच्छे प्रदर्शन के बाद नंबर छह पर कदम रखा, यह मैच वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल पाए थे। लेकिन बल्लेबाजी क्रम में छठे नंबर पर आने के बाद, रोहित ने अब तक चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में 10, तीन और छह रन बनाए हैं।



मुझे लगता है कि उसे अपनी मानसिकता में बहुत स्पष्ट होना चाहिए कि वह मैदान पर जाए और विपक्ष पर आक्रमण करे और किसी और चीज की चिंता न करे। आखिरी चीज जो आप चाहते हैं वह यह है कि वह दो दिमागों में रहे कि बचाव करना है या आक्रमण करना है। उसके मामले में, यह आक्रमण होना चाहिए। वह तेजी से लेंथ पकड़ लेता है, उसे इस नंबर पर विपक्षी टीम का सामना करना चाहिए।

क्योंकि अगर वह पहले 10-15 मिनट में आउट हो जाता है, तो वह 15-20 मिनट, आधे घंटे से आगे नहीं बढ़ पाता। तो आप एक स्वाभाविक खेल क्यों नहीं खेलते, विपक्षी टीम पर आक्रमण करते हैं और फिर आगे बढ़ते हैं? क्योंकि मुझे लगता है कि यह न केवल फॉर्म में वापस आने का, बल्कि भारत के लिए मैच जीतने का भी उसका सबसे अच्छा तरीका है।

क्योंकि वह नंबर एक महत्वपूर्ण नंबर है। दुनिया में सबसे अच्छे नंबर 6 वे लोग हैं जो जानते हैं कि जवाबी हमला कैसे करना है। वे स्थिति को अच्छी तरह समझते हैं। हां, अगर बहुत सारे विकेट गिर गए हैं, तो शायद थोड़ी देर के लिए। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू शो में कहा, आपको सावधान रहना होगा।

# भारत के लिए खेलों में बहुत खास साल रहा है 2024

**नईदिल्ली।** 22 दिसंबर साल 2024 में भारत का खेलों में प्रदर्शन बढ़िया रहा। इस साल कई बड़े इवेंट हुए जिसमें ओलंपिक और टी20 क्रिकेट विश्व कप सरीखे ग्लोबल इवेंट्स



शामिल थे। साल 2024 के बीतने के साथ, उन पांच बड़ी खेल उपलब्धियों पर एक नजर डालते हैं जो भारत ने इस साल हासिल की। टी20 विश्व कप जीतना पुरुष भारतीय क्रिकेट टीम के लिए बेहद खास उपलब्धि साबित हुई। यह रोहित शर्मा की अगुवाई में मिली वह जीत थी जिसने भारत का पिछले 11 साल का आईसीसी ट्रॉफी का सूखा समाप्त कर दिया।

# मानसिकता योगदान देने की थी, फॉलो-ऑन बचाने के बारे में नहीं सोच रहा था : आकाश दीप

**मेलबर्न।** 22 दिसंबर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले, भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप ने खुलासा किया कि ब्रिसबेन में तीसरे टेस्ट के चौथे दिन बल्लेबाजी करते समय उनकी मानसिकता आउट न होने की थी और उन्हें खुशी है कि उनके प्रयासों से मेहमान टीम को फॉलो-ऑन टालने में मदद मिली।

ब्रिसबेन में, आकाश उस समय बल्लेबाजी करने आए जब भारत का स्कोर 213/9 था, और उन्होंने 44 गेंदों पर 31 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जिससे मेहमान टीम को फॉलो-ऑन से बचाया जा सका, जबकि उन्होंने अंतिम विकेट के लिए जसप्रीत बुमराह के साथ 47 रन की साझेदारी की।

आकाश दीप ने कहा,हम निचले क्रम में बल्लेबाजी करने आए हैं, इसलिए 20-25-30 रनों का योगदान बहुत मूल्यवान है। मेरी मानसिकता सिर्फ योगदान देने की है। मैं उस दिन



फॉलो-ऑन बचाने की नहीं सोच रहा था; मैं सिर्फ आउट न होने की सोच रहा था। मेरी मानसिकता यही थी कि, भगवान की इच्छा से, हम फॉलो-ऑन बचाने में सफल रहे।"

रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में आकाश ने पत्रकारों से कहा, जब आप मैच को ऐसी स्थिति से बचाते हैं, तो पूरी टीम को आत्मविश्वास मिलता है और हमारे ड्रेसिंग रूम में भी यही बात देखने को मिली। हर कोई मौज-मस्ती कर रहा था।

ऑस्ट्रेलिया में पहली बार टेस्ट मैच में गेंदबाजी करने के अपने अनुभव के बारे में पूछे जाने पर आकाश ने कहा, यह थोड़ा मुश्किल है। मैंने अपना अधिकांश क्रिकेट भारत में खेला है। हम वहां छोटी लेंथ की गेंदबाजी कर सकते हैं, लेकिन यहां यह थोड़ी चुनौती है। कभी-कभी आपको लगता है कि आप वास्तव में अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं।

# रवि शास्त्री ने बताया ट्रेविस हेड की सफलता का राज

## बोले - भारत को जल्द ढूंढना होगा उनका तोड़

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने इस बारे में बात की है कि किस तरह भारतीय टीम को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ट्रेविस हेड के सामने गेंदबाजी करने में दिक्कत हो रही है। हेड इस सीरीज में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उन्होंने दूसरे तथा तीसरे टेस्ट में शतक जड़ा था। हेड अब तक इस सीरीज में 81.80 के औसत और 94.23 के स्ट्राइक रेट से 409 रन बना चुके हैं।

शानदार फॉर्म में चल रहे हैं हेड

सीरीज की अपनी पहली पारी में 11 रन पर आउट होने के बाद हेड ने अपने अगले तीन मैचों में 89, 140 और 152 रन बनाए हैं। उन्होंने पिंक बॉल के टेस्ट में अहम भूमिका निभाई थी जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीत दर्ज कर 1-1 से बराबरी हासिल की थी। शास्त्री का मानना है कि शॉर्ट बॉल को जल्दी परखने की क्षमता ने हेड को मौजूदा सीरीज में सफलता दिलाई है।




आईसीसी रिव्यू कार्यक्रम में शास्त्री ने कहा, मुझे लगता है कि हेड बहुत स्मार्ट हैं। मैंने उन्हें तीन साल पहले देखा था लेकिन अब लगता है कि उनमें काफी सुधार हुआ है। विशेष रूप से वह जिस तरह शॉर्ट बॉल को खेलते हैं। वह इसे छोड़ने के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कई बार इसे अच्छी तरह छोड़ना भी सीख लिया है।

पूर्व भारतीय कोच ने कहा कि गेंद की लाइन लेंथ को जल्दी से परखने की क्षमता हेड को सही स्ट्रोक खेलने का समय देती है। शास्त्री ने कहा, ऐसा नहीं है कि हमेशा शॉर्ट गेंद पर बड़ा शॉट लगाना होता है। वह या तो इसे छोड़ने या बड़े शॉट लगाने के लिए तैयार रहते हैं। और अगर गेंद मिडिल या ऑफ स्टंप है, तो वह इसे स्क्वायर के सामने भी मारते हैं। हेड लेंथ अच्छी तरह पकड़ लेता है। यह उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

# भारत-वेस्टइंडीज की महिला टीमों के बीच पहला वनडे आज, कप्तान हरमनप्रीत की फिटनेस पर रहेगी नजर

**वडोदरा ।** पिछले कुछ समय से अच्छी फॉर्म में चल रही भारतीय महिला टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगी। भारत ने इस सप्ताह मेहमान टीम के खिलाफ 2-1 से टी20 सीरीज जीता थी।

भारत के लिए एकमात्र चिंता नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की फिटनेस होगी, जो घुटने की चोट के कारण आखिरी दो टी20 मैच नहीं खेल पाई थी। हरमनप्रीत की अनुपस्थिति में स्मृति मंधाना ने भारत का नेतृत्व किया और उन्होंने लगातार तीन अर्धशतक लगाकर टी20 अंतरराष्ट्रीय में भी अपनी छाप छोड़ी। पिछले 10 वनडे मैचों में मंधाना का रहा अच्छा प्रदर्शन बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना वनडे मैचों में भी इसी लय को जारी रखने का प्रयास करेंगी। पिछले 10 वनडे मैचों में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है जिसमें उन्होंने 60 की औसत से 599 रन बनाए हैं।



हरमनप्रीत और मंधाना के अलावा भारतीय टीम के पास कुछ अन्य उपयोगी बल्लेबाज हैं जिन्होंने हाल में अपने प्रदर्शन से विशेष छाप छोड़ी है। जेमिमा रोड्रिग्स अच्छी फॉर्म में हैं जबकि ऋचा घोष ने तीसरे टी20 में शानदार अर्धशतक लगाया था। तेजल और हरलीन देओल के जुड़ने से मध्य क्रम को और अधिक मजबूती मिलेगी। भारत की गेंदबाजी इकाई में युवा और अनुभव का अच्छा मिश्रण है और वे वडोदरा के नवनिर्मित कोटांबी स्टेडियम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यह स्टेडियम अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी करेगा। पिछले 10 मैच में 15 विकेट लेने वाली दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह और साइमा ठाकोर वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं। भारत के पास प्रतिभाशाली युवा तेज गेंदबाज तितास साधु को उतारने का विकल्प भी होगा।

## कप्तान मैथ्यूज को रोकना बड़ी चुनौती

भारत के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने के लिए वेस्टइंडीज की सबसे बड़ी उम्मीद कप्तान हैली मैथ्यूज, अनुभवी डिएंड्रा डॉटिन और शेमाइन कैंपबेल होंगी।

# मच्छर की अगरबत्ती से लगी आग, दो भाई जिंदा जले

## बेड पर मिलीं लाशें, बेटों के शव देखकर मां बेसुध





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** दो भाइयों की जिंदा जलकर मौत हो गई। दोनों एक बेड पर सो रहे थे। कमरे में मच्छरों के लिए अगरबत्ती लगाई थी। उससे बिस्तर में आग लग गई। दरवाजा खुला था, फिर भी दोनों भाई कमरे से बाहर नहीं निकल पाए। एक की उम्र 16 और दूसरे की 14 साल थी। बेटों के शव देखकर मां बेसुध होकर गिर पड़ी। घटना शनिवार रात लोनी क्षेत्र के प्रशांत विहार की है। पिता बोले-दम घुटा तो पता चला आग लगी है। नीरज प्रशांत विहार कॉलोनी में रहते हैं। परिवार में उनकी पत्नी संतोष, दो बच्चे अरुण (16) और वंश (14) थे। बड़ा बेटा अरुण 12वीं और वंश 9वीं क्लास में पढ़ता था। उन्होंने बताया- शनिवार रात 8 बजे तक लाइट नहीं आई। ऐसे में बेटा अरुण दुकान से मच्छर के लिए अगरबत्ती ले आया। रात 9 बजे अरुण, भाई वंश के साथ कमरे में सोने चला गया। देर रात ढाई बजे उनका दम घुटने लगा। आंख खुली तो देखा कि चारों ओर धुआं ही धुआं था। उन्होंने पत्नी संतोष को जगाया और बाहर की ओर भागे। बाहर आकर उन्होंने शोर मचाया। मोहल्ले के लोग आ गए। मुझे लगा कि बेटे बाहर आ गए होंगे। मैं मोहल्ले वालों के साथ आग बुझाने में जुट गया। 30 मिनट बाद आग पर काबू पाया गया।

### बड़ा बेटा जमीन पर, छोटा बेड पर पड़ा था

नीरज ने बताया- जब मैंने देखा कि बच्चे कहीं नजर नहीं आ रहे हैं, तो कमरे में गया। देखा तो बड़ा बेटा अरुण जमीन पर झुलसी हालत में पड़ा था। उसकी सांस चल रही थी। छोटा बेटा वंश बेड पर था। उसकी सांस नहीं चल रही थी। नीरज आनन-फानन में बड़े बेटे को अस्पताल लेकर गए, जहां उसने भी दम तोड़ दिया। आग लगने की सूचना पर पुलिस पहुंची। दो बेटों की मौत पर मां संतोष का रो-रोकर बुरा हाल है।

# महिला कांग्रेस सदस्यता सम्मान और संगठन निर्माण बैठक आयोजित

## जल्द ही पश्चिम उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस के मजबूत संगठन निर्माण को पूरा किया जाएगा : पूजा चड्ढा






**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा के आदेशानुसार रविवार को अपराह्न 12 बजे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रेशमा बी रामपुर और शाम 4 बजे निवर्तमान जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस जेहरा बी के नेतृत्व में ठाकुरद्वारा मुरादाबाद में महिला कांग्रेस सदस्यता सम्मान बैठक और संगठन निर्माण को लेकर बैठक आयोजित की गई। महिला कांग्रेस की सदस्यता एवं संगठन प्रभारी पश्चिम उत्तर प्रदेश पूजा चड्ढा गाजियाबाद से चलकर रामपुर और मुरादाबाद पहुंच उन्होंने महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सदस्यता अभियान एवं संगठन विस्तार को लेकर चर्चा करते हुए अधिक से अधिक बहनों को सदस्य बनाकर महिला कांग्रेस से जोड़ने के लिए कहा।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह के 122 वें जन्मदिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** किसान मसीहा एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह के 122 वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में इंदिरापुरम स्थित एएटीएस सोसायटी` में जाट सभा द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

यह आयोजन जाट सभा इंदिरापुरम के अध्यक्ष चौधरी यतेंद्रे तेवतिया और सोसायटी के प्रेसिडेंट सुमित तोमर, मोहन सिंह सांगवान, वीरेंद्रे सिंह ढाका की अगुवाई में हुआ। चौधरी सुरेंद्र सिंह लोर, चौधरी लक्ष्मण सिंहे मलिक, राजवीर सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने चौधरी चरण सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर मोहन सिंह सांगवान, चौधरी लक्ष्मण सिंह मलिक, डॉ अनिल चौधरी, अमित चौधरी रणवीरे सिंह, ओमवीर सिंह वीरवाले गिल, उदल सिंह बाना, मालती सांगवाने आदि ने अपने-अपने विचार रखे। और समाज के उत्थान के लिए एकजुट होने का आह्वान कियो गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोर ने कहा हमें स्व. चौधरी चरण सिंह के संकल्पों को पूरा करने के लिए एकजुट होना होगा। इस दौरान चौधरी लक्ष्मण सिंह मलिक ने चौधरी चरण सिंह के कार्यकाल के बारे में विस्तार से बताया। मंच संचालन कर रहे मोहन सांगवान ने कहा कि समाज में एक दूसरे का सहयोग करते हुए आगे बढ़े। तभी समाज का उठान सम्भव है।जाट परिवार मिलन इंदिरापुरम के अध्यक्षे यतेंद्र सिंह ने कहा हमें बुजुर्गों से बहुत कुछ सीखना बाकी है।

# ट्रैफिक पुलिस ने रिश्वत में मांगी मिठाई

## चालान से बचने के लिए हाथ में डिब्बा लेकर पहुंचा कार चालक

### डीसीपी ने किया सस्पेंड



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के बीटा-2 थाना क्षेत्र के परी चौक के पास चेकिंग करने के दौरान ट्रैफिक पुलिस के कॉन्स्टेबल ने एक गाड़ी को रोका। पुलिस ने गाड़ी की चेकिंग शुरू की। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस के कॉन्स्टेबल ने कार चालक से रिश्वत के तौर पर मिठाई मंगाई। कार चालक से मिठाई लेने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने उसे वहां से जाने दिया। लेकिन इस पूरे मामले का वीडियो वहां खड़े एक युवक ने बना लिया। जिसके बाद इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ग्रेटर नोएडा के परी चौक पर ट्रैफिक पुलिस के कॉन्स्टेबल महबूब अली ने एक युवक की गाड़ी को रोक लिया और उसका चालान करने लगा। युवक कॉन्स्टेबल से चालान न करने की सिफारिश करने लगा। इस दौरान दोनों के बीच कुछ बातचीत हुई।

जिस पर कांस्टेबल ने उसे मिठाई लाने के लिए कहा। इसके बाद वह मिठाई का डिब्बा लेकर आया। फिर उसने कॉन्स्टेबल को मिठाई का डिब्बा दे दिया। इस पूरे मामले का वीडियो वहां पर खड़े एक व्यक्ति ने बना लिया। जिसके बाद वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एक युवक हाथ में मिठाई का पैकेट लेकर ट्रैफिक पुलिस कॉन्स्टेबल के पास जाता है। इसके बाद कार के बोनट पर पैकेट रख देता है। फिर कार चालक और कॉन्स्टेबल के बीच आपस में कुछ बातचीत होती है। इस वीडियो को वायरल करने वाले ने कैप्शन में लिखा- परी चौक पर रिश्वत में बर्फी मंगवाकर खाते हुए महबूब अली खान ट्रैफिक पुलिस। जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, तत्काल प्रभाव से इस मामले में संज्ञान लिया गया। डीसीपी ट्रैफिक लखन यादव ने कॉन्स्टेबल महबूब अली को सस्पेंड कर दिया और एसीपी को जांच के आदेश दे दिए। एसीपी को इस पूरे मामले की जांच में सौंपी गई है।

# लोनी के संगम विहार मण्डल में भाजपा नेताओं ने पटका पहनाकर किया बूथ अध्यक्षों को सम्मानित

**लोनी।** लोनी के संगम विहार मण्डल शक्ति केंद्र परमहंस विहार दक्षिण में भाजपा नेताओ ने सभी बूथ अध्यक्षों का सम्मान किया। परशुराम नगर मण्डल के शक्ति केंद्र प्रभारी शिवम कुमार ने संगम विहार मण्डल में पार्टी संगठन के बूथ अध्यक्ष सम्मान अभियान को आगे बढ़ाते हुए सभी बूथ अध्यक्षों को क्रमशः सुधीर कुमार, अजय प्रजाति, राम खिलाड़ी, सतेंद्र कुमार, सतेंद्र शर्मा को भाजपा का पटका व सम्मानित पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर वार्ड 11 के लोनी नगरपालिका के भाजपा पार्षद पति अश्विनी कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा रवि धामा, सहित दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहें।

# दरोगा को 30 हजार की रिश्वत ना मिलने पर एफआर लगाने का आरोप

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पुलिस चौकी पर तैनात एक दरोगा पर बतौर 30 हजार रिश्वत नहीं मिलने पर मुकदमे में एफआर लगाने का आरोप लगा है।

आरोप है कि सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत होने के बाद आरोपी वाहन चालक का पता लगने के बाद भी पुलिस ने उसे पकड़ना गंवारा नहीं समझा। बल्कि एफआर लगाकर केस को बंद कर दिया गया। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने मामले की जांच फिर से कराने के साथ दरोगा के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।




## थाने वाले रहें अलर्ट, नाइट जांच होने वाली है फास्ट

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि क्रिसमस और न्यू ईयर को लेकर गाजियाबाद में नाइट जांच और ड्यूटी फास्ट होने वाली है। बताया जा रहा है कि कोई आईपीएस अधिकारी अपने जोन से लेकर दूसरे जोन तक पहुंचेगा और पुलिस की मुस्तैदी और गश्त से लेकर अन्य कार्यकलापों पर नजर डालने का काम करेगा। जहां लापरवाही मिलेगी, वहां के चौकी प्रभारी और थाना प्रभारी की रिपोर्ट लिखी जाएगी। इसके साथ ही अगर कोई बड़ा या गंभीर मामला मिलता है, तो बड़ा एक्शन भी होने की संभावना है। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि अधिकारियों की मीटिंग में इस तरीके की प्लानिंग बनी है। बताया जा रहा है कि क्रिसमस और न्यू ईयर के दौरान कई मॉल, सोसायटियों और पॉश इलाकों में देर रात तक के प्रोग्राम होते हैं। देर रात तक कार्यक्रमों में जश्न और




नाच गाना होता है। इस दौरान किसी तरीके की कोई घटना, दुर्घटना या अभद्रता वाला सीन ना हो, इसको रोकने के लिए भी पुलिसकर्मियों को दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही जानकारी मिल रही है कि सड़कों पर रील ना बने और पुलिस व्यवस्था की पोल ना खुले इसको लेकर भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में प्लानिंग की जा रही है। सूत्रों ने जानकारी दी है कि थाने वालों को लेकर भी विशेष अलर्ट रखा जाएगा। कौन सा थाना अधिक रिस्पांस टाइम ले रहा है और कौन सूचना पर अपडेट और एक्शन वाला मोड़ देता है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र यह नहीं बता रहे हैं कि इस व्यवस्था को कौन देखने निकलेगा, बस जानकारी मिली है कि कोई आईपीएस अधिकारी रहेगा। देखना होगा कि इसमें किस आईपीएस अधिकारी पर भरोसा जताया जाता है। वैसे सूत्र बता रहे हैं कि अधिकारी पुरुष ही रहेगा। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अभी से न्यू ईयर और क्रिसमस वाले आयोजनों को लेकर सुरक्षा का प्लान बनाया जा रहा है। वहीं पुलिस के सूत्रों ने जानकारी दी है कि 24 दिसंबर को क्रिसमस से ठीक पहले महिला सुरक्षा और महिलाओं के प्रति किए जा रहे प्रयासों और प्रभावों को जानने के लिए उत्तर प्रदेश महिला आयोग की प्रमुख सदस्य भी आ रही हैं। वह फाइल से लेकर वर्किंग का लेखा-जोखा देखेंगी। तो वहीं कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश और जनसुनवाई में आने वाली समस्याओं और परेशानियां का भी निस्तारण करने के आदेश देकर जाएंगी। कुल मिलाकर देखना होगा कि थाने वालों पर आईपीएस अधिकारी की दया रहती है या कहीं पर फटकार वाला सीन भी देखने को मिल सकता है।


# पीड़ित परिवार ने पोर्टल के माध्यम से सीएम से की शिकायत, पुलिस नहीं कर रही हत्यारोपी को अरेस्ट

**नोएडा करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा में दनकौर कोतवाली क्षेत्र के देवटा गांव निवासी एक कंपनी कर्मी की आटा मिल के अंदर संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर हत्या का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। परिजनों का आरोप है कि पुलिस अभी तक हत्या के आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। आरोपी खुलेआम घूम रहा है। जिसके चलते परिवार के लोगों ने रविवार को इस संबंध में मुख्यमंत्री पोर्टल पर पुलिस की शिकायत भी की है। गांव निवासी आकाश ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत में कहा है कि 6 दिसंबर को उनके भाई राम अवतार (28) की गांव के ही अरुण नाम के युवक ने अपने आटा मिल में बुलाकर गला दबाकर हत्या कर दी थी।



इस घटना को अंजाम देकर आरोपी शव को उसके अंदर ही छोड़कर फरार हो गया था। इस संबंध में परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम कराया था। साथ जी आरोपी के खिलाफ हत्या का भी पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर लिया था। करीब 15 दिन से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। आरोपी खुले आम पीड़ित परिवार के घर के सामने घूमता रहता है। परिजनों का कहना है कि इस संबंध में उन्होंने कई बार पुलिस से भी जाकर मामले की शिकायत की है। लेकिन आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है। जिससे परेशान होकर उन्होंने रविवार को मुख्यमंत्री पोर्टल पर पुलिस पर आरोपी को गिरफ्तार नहीं करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। वहीं पुलिस ने अब तक की जांच में मामले को हत्या नहीं हादसा ही बताया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि मृतक की बिसरा रिपोर्ट प्रयोगशाला गई हुई है। जहां से रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कूड़े के ढेर में मिली नवजात मृत बच्ची



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा के सेक्टर 62 स्थित रजत विहार सोसाइटी में पार्क के अंदर सोमवार को कूड़े के ढेर में एक नवजात मृत बच्ची मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बच्ची को कौन फेंक कर गया है, इसकी जानकारी के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस के मुताबिक शनिवार सुबह करीब दस बजे के करीब रजत विहार सोसाइटी के गेट के पास कूड़े में एक नवजात बच्ची पड़ी होने की सूचना मिली। सूचना सोसाइटी के मेंटिनेंस विभाग के कर्मचारियों ने दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो नवजात बच्ची मृत थी। आसपास भीड़ एकत्र थी। बच्ची के शव के बगल में एक कपड़ा पड़ा था, जिसमें उसे लपेटकर किसी ने फेंका था। आसपास के लोगों से पूछा तो भी बच्ची के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। घटनास्थल के आसपास कोई सीसीटीवी फुटेज नहीं होने से भी फेंकने वाले की स्पष्ट जानकारी नहीं हो सकी है। कुछ दूरी पर लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक किया जा रहा है। शुरूआती जांच में कोई संदिग्ध नहीं दिखा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बच्ची की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं और यह भी पता लगाया जा रहा है कि आखिर बच्ची को किसने फेंका।

पुलिस का दावा है कि बच्ची के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा। हालांकि स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि किसी ने देर रात बच्ची को फेंका और ठंड से उसकी मौत हो गई। कूड़े के ढेर में नवजात मृत बच्ची के मिलने के बाद लोग तरह तरह की चर्चा कर रहे हैं।

# खेत में मिला युवक का शव, देर रात से था लापता

### परिवार वाले कर रहे थे तलाश




**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ के थाना कूपरपुर क्षेत्र के गांव सपनावत में एक खेत में एक युवक का शव मिला। शव मिलने की जानकारी मिलने पर पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। शव की पहचान पड़ोस के गांव डहाना के 27 वर्षीय मुनेंद्र के रूप में हुई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मुनेंद्र मजदूरी करके अपने परिवार का पालन करता था और शनिवार रात घर नहीं लौटा था। इसके बाद उसके परिवारवाले उसकी तलाश कर रहे थे। रविवार सुबह पुलिस को सपनावत गांव के किसान अंगद के खेत में शव मिलने की सूचना मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मुनेंद्र के परिवार वालों को सूचना दी। मुनेंद्र की मौत के बाद उसके परिवार में शोक का माहौल है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मुनेंद्र की मौत के असल कारणों का पता चलेगा।

# चौधरी चरण सिंह की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के 122वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में जन्मोत्सव गोष्ठी सप्ताह कार्यक्रम के तहत निजामपुर में गोष्ठी व पुण्यानुमोदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सुरेंद्र सिंह सहित वरिष्ठ नेताओं ने चरण सिंह की सादगी, ईमानदारी व उनके किये गए कार्यों का वर्णन किया और उनके बताए रास्ते पर चल अनुसरण करने की बात कही। गोष्ठी में सतीश राठी, उम्मेद चौधरी, सतेंद्र तोमर, राम भरोसे लाल मौर्य, ललित सैन, नरेंद्र जाटव, गोपाल जाटव, ब्रह्म सिंह जाटव, ममता, सोनिक चिकारा, राहुल गुज्जर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# विधायक निधि से निर्मित तीन सड़कों का किया उद्घाटन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** विधानसभा क्षेत्र में विधायक निधि द्वारा निर्मित 3 सड़कों का उद्घाटन विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने फीता काटकर किया। इस दौरान डॉ. कर्णवीर सिंह, विभीषण प्रधान, रोहित तोमर, रामकुमार तोमर, हरिओम, चंद्रभान फौजी, संजीव तोमर, शिवकुमार, श्यामपाल सैन, सुगंध जैन, राजीव जैन, सतीश जैन, पीकू पेंट वाले, अमित गुप्ता, अनिल गुप्ता, अरविंद, अनवर, वीरेश जैन आदि मौजूद रहे।

# बोलेरो पिकअप ने ट्रक में मारी टक्कर एक युवक की मौत, 2 गंभीर



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ के थाना बाबूगढ़ इलाके में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर एक बोलेरो पिकअप ने आगे चल रहे ट्रक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बोलेरो पिकअप में सवार 25 वर्षीय बलराम की मौत हो गई। जबकि 26 वर्षीय सोनू और ड्राइवर देवा गंभीर रूप से घायल हो गए।

### तहरीर मिलने पर होगी कार्रवाई

तीनों घायल और मृतक गांव जखेड़ा रहमतपुर, थाना बहादुरगढ़ के रहने वाले थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। बलराम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। हादसे के बाद परिजनों में मातम छा गया और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि दोनों वाहन आपस में टकराए थे। मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम मोदी को मिला कुवैत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से हुए सम्मानित

**कुवैत सिटी ।** कुवैत में प्रधानमंत्री मोदी को वहां के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया है। कुवैत के अमीर अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल सबा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से सम्मानित किया। पीएम मोदी कुवैत के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इससे पहले 19 देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित कर चुके हैं। इस लिस्ट में शुमार होने वाला यह 20वां देश है।

'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' मित्रता के संकेत के रूप में राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी संप्रभुओं और विदेशी शाही परिवारों के सदस्यों को प्रदान किया जाता है। पीएम मोदी से पहले बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश जैसे विदेशी नेताओं को भी 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' प्रदान किया जा चुका है।



**बीते माह इन देशों ने किया था पीएम मोदी को सम्मानित :** इससे पहले पिछले महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुयाना और बारबाडोस ने पीएम मोदीको अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया था। गुयाना ने पीएम मोदी को सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान-द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया था, वहीं बारबाडोस में पीएम मोदी को प्रतिष्ठित ऑनररी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस सम्मान दिया गया था। डोमिनिका ने भी उन्हें हाल ही में सर्वोच्च सम्मान दिया था।

**पीएम मोदी को यह सम्मान भारत और कुवैत के बीच अच्छे संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को यह पुरस्कार दिया गया है**

**किन-किन देशों से मिल चुका है पीएम मोदी को सम्मान :** वैश्विक स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता सर्वाधिक है। एक सर्वे में उन्हें सबसे लोकप्रिय नेता करार दिया गया था। इतना ही नहीं कई देश भी उन्हें अपने सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित कर चुके हैं। क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर उनके नेतृत्व के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 2014 से अब तक 20 देशों के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कारों समेत संयुक्त राष्ट्र का सर्वोच्च पर्यावरण पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। अफगानिस्तान और फिलिस्तीन से भी पीएम मोदी हो चुके हैं सम्मानित बता दें कि पीएम मोदी को साल 2016 में अफगानिस्तान द्वारा स्टेट ऑर्डर ऑफ गाजी अमीर अमानुल्लाह खान, फरवरी 2018 में फिलिस्तीन द्वारा ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फिलिस्तीन, अक्तूबर 2018 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा यूएन चैंपियन ऑफ द अर्थ अवार्ड दिया गया था।

# तख्तापलट के बाद सीरिया से फिल्मी स्टाइल में जान बचाकर भागे बशर अल असद और उनके करीबी

**दमिश्क ।** दिसंबर के शुरूआती दिनों में सीरिया में तख्तापलट हो गया और विद्रोही समूहों ने सत्ता पर कब्जा कर लिया। इसके साथ ही सीरिया में पांच दशकों से चला आ रहा बशर अल असद और उनके परिवार का शासन खत्म हो गया। तख्तापलट के बाद बशर अल असद अपने करीबी सहयोगियों के साथ देश छोड़कर भाग गए। बशर के रूस भागने की खबर है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बशर अल असद 8 दिसंबर को सीरिया के तट पर स्थित रूस के एयरफील्ड से मॉस्को के लिए रवाना हो गए थे। दो करीबी सहयोगियों के साथ रूस भागे बशर अल असद मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि बशर अल असद जब सीरिया छोड़कर भागे तो उनके साथ सिर्फ उनके दो करीबी सहयोगी थे, जिनमें राष्ट्रपति मामलों के महासचिव मंसूर आजम और आर्थिक सलाहकार रहे यासर इब्राहिम का नाम शामिल है।




यासर इब्राहिम ही बशर अल असद और उनकी पत्नी की संपत्ति का प्रबंधन करते थे। भाई को छोड़कर भागे बशर अल असद रिपोर्ट्स के अनुसार, बशर अल असद के भाई माहेर अल असद, सीरियाई सेना की एलीट चौथी डिवीजन के कमांडर थे और उन्हीं पर राजधानी दमिश्क की सुरक्षा की जिम्मेदारी थी।

माहेर भी सीरिया छोड़कर भाग चुके हैं। हैरानी की बात ये बताई जा रही है कि माहेर को भी अपने भाई की देश छोड़कर भागने की योजना के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। बशर के जाने के बाद माहेर पहले हेलीकॉप्टर से इराक पहुंचा और फिर रूस। माहेर की पत्नी और बेटा पहले हवाई जहाज से लेबनान पहुंचे, लेकिन इसके बाद वे कहां गए, इसके बारे में जानकारी सामने नहीं आई है।

### कई वांछितों की लेबनान और इराक में तलाश

बशर अल असद सरकार में अहम सुरक्षा जिम्मेदारी संभालने वाले अली मामलूक के भी इराक के रास्ते रूस भागने की जानकारी है।

# यहूदिया और सामरिया में आईडीएफ का बड़ा एक्शन

## आतंकवाद विरोधी अभियान चला कई संदिग्ध को किया गिरफ्तार

**यरुशलम ।** यहूदिया और सामरिया में इस्राइली रक्षा बल (आईडीएफ) ने आतंकवाद विरोधी अभियान चलाकर कई संदिग्धों को निशाना बनाया। मामले में इस्राइली रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता ने बताया कि गुरुवार रात इस्राइली सुरक्षा बलों ने यहूदिया और सामरिया के विभिन्न क्षेत्रों में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया। इस अभियान में आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े हथियार और संदिग्धों को निशाना बनाया गया।



### चार वांछित संदिग्ध गिरफ्तार

अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने अस-सामू और हलहुल कस्बों से पांच हथियार और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद जब्त किया। इसके अलावा, हलहुल, दयार गजाले और सिलात अद-दहर से चार वांछित संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया।

बता दें कि पिछले सप्ताह आतंकवाद पर काबू पाने के लिए किए गए व्यापक प्रयासों में, आईडीएफ ने पूरे क्षेत्र में दर्जनों अवैध वाहन, लगभग दस हथियार और आतंकवाद से जुड़े दस लाख शेकेल जब्त किए।

ये कदम इस्राइल के लगातार प्रयासों का हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य आतंकवादी नेटवर्क को बाधित करना और क्षेत्र में सुरक्षा बनाए रखना है। गिरफ्तार संदिग्धों और जब्त सामग्रियों को इस्राइली सुरक्षा बलों द्वारा आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। ऑपरेशन के दौरान आईडीएफ के किसी सैनिक के घायल होने की खबर नहीं है।

# सीएम फडणवीस बोले- 17 विधेयकों को मिली मंजूरी

## 85 लाख किसानों के खातों में पहुंचे पैसे

**नागपुर ।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को बताया कि 17 विधेयकों को मंजूरी दी गई है और 85 लाख किसानों के खातों में सीधे पैसे भेजे गए हैं। उन्होंने कहा सरकार ने संतरा किसानों और 3 हेक्टेयर तक की जमीन वाले 55 हजार किसानों की मदद करने का निर्णय लिया है।

महाराष्ट्र शीतकालीन विधानसभा सत्र के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान फडणवीस ने विधानसभा में विधेयकों के मंजूरी को लेकर जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान में 25 हजार झुग्गियों का पुनर्वास भी किया जा रहा है। गढ़चिरौली का उत्तरी हिस्सा अब नक्सल मुक्त- सीएम मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि





गढ़चिरौली जिले का उत्तरी हिस्सा अब नक्सल मुक्त हो गया है। उन्होंने बताया कि पिछले साल 33 माओवादी मारे गए, 55 माओवादी गिरफ्तार हुए और 33 ने आत्मसमर्पण किया। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अगले 3 साल में नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म करना है। गढ़चिरौली के 1500 युवाओं ने पुलिस बल में लिया भर्ती साथ ही सीएम फडणवीस ने कहा कि गढ़चिरौली जिले के 1500 युवाओं ने पुलिस बल में भर्ती लिया है, जिनमें से 33 युवा नक्सल पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि माओवादी संगठन के प्रमुख नेता गिरिधर और उनकी पत्नी ने आत्मसमर्पण कर दिया है।

गिरिधर ने दक्षिण गढ़चिरौली में माओवादी कैडर की भर्ती की थी। पुणे हवाई अड्डे का नाम बदले जाने का प्रस्ताव- शिंदे सीएम फडणवीस के बाद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी शनिवार को महाराष्ट्र विधानसभा में चर्चित विधेयकों पर जोर दिया।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने 170 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। साथ ही उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर कटाक्ष करते हुए कहा उद्धव ठाकरे केवल एक पर्यटक की तरह सत्र में आ रहे हैं।

शिंदे ने पुणे हवाई अड्डे के नाम बदलने को लेकर बताया कि पुणे हवाई अड्डे का नाम जगद्गुरु संत तुकाराम महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा रखने का प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया है।

### महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन बड़ी जीत

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने 235 सीटों के साथ शानदार जीत हासिल की। भाजपा ने 132 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनने का मुकाम हासिल किया, जबकि शिवसेना ने 57 और एनसीपी ने 41 सीटों पर जीत दर्ज की।

# गरीबों की गरिमा और सम्मान मेरे लिए सबसे अहम

## कुवैत में भारतीय कामगारों से जानिए क्या बोले पीएम मोदी

**कुवैत सिटी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कुवैत में गल्फ स्पिक लेबर कैंप का दौरा किया, जहां उन्होंने कुवैत में काम कर रहे भारतीय कामगारों से मुलाकात की। इस मुलाकात में प्रधानमंत्री ने देश के विकास में भारतीय कामगारों के योगदान का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि साल 2047 में भारत को विकसित बनाने में भारतीय कामगारों की अहम भूमिका रहेगी।

### 'देश के किसान और मजदूर कड़ी मेहनत करते हैं'

प्रधानमंत्री ने भारतीय कामगारों के साथ बातचीत में कहा कि 'जब मैं साल 2047 में विकसित भारत की बात करता हूं तो मैं ये इसलिए करता हूं क्योंकि अपने घर से इतनी दूर काम कर रहे भारत के मेरे मजदूर भाई भी ये सोचते हैं कि कैसे उनके गांव में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बन सकता है। ये महत्वकांक्षा ही मेरे देश की ताकत है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मैं लगातार इस बारे में सोचता रहता हूं कि मेरे देश के किसान, मजदूर कितनी कड़ी मेहनत करते हैं। जब मैं लोगों को कड़ी मेहनत करते देखता हूं तो मुझे लगता है कि अगर वे 10 घंटे काम कर सकते हैं तो मुझे भी 11 घंटे काम करना चाहिए।



**पीएम मोदी ने कहा कि 'मेरे लिए विकास का मतलब सिर्फ सड़कें, हवाई अड्डे और रेलवे स्टेशन ही नहीं हैं बल्कि गरीबों के घर में शौचालय भी मेरे लिए विकास है।**

अगर वे 11 घंटे काम करते हैं तो मुझे भी 12 घंटे काम करना चाहिए। आप अपने परिवार के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, मैं भी परिवार के लिए मेहनत करता हूं। 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं, इसलिए मुझे थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी होगी।'

### गरीबों का सम्मान मेरे लिए सबसे अहम'

हमने देश में 11 करोड़ शौचालय बनाने का फैसला किया। गरीबों का पक्का मकान होना चाहिए। अब तक चार करोड़ पक्के मकान बन चुके हैं, जिनमें 15-16 करोड़ लोग रह रहे हैं।

# क्रिसमस बाजार हमले का आरोपी सऊदी अरब में वांछित था

## मस्क का जर्मनी पर तंज- सहानुभूति दिखाना भारी पड़ा

**नई दिल्ली ।** जर्मनी में क्रिसमस बाजार में हुए हमले और उसमें पांच लोगों की मौत और 200 से ज्यादा लोगों के घायल होने की घटना पर पूरी दुनिया से प्रतिक्रिया आ रही है। अब अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने भी घटना को लेकर जर्मनी की सरकार पर तीखा तंज कसा है। मस्क ने कहा है कि आरोपी के साथ सहानुभूति दिखाना जर्मनी के लिए आत्मघाती साबित हो गया। मस्क ने कहा- जर्मनी को भारी पड़ा आत्मघाती सहानुभूति दिखाना जर्मनी हमले का आरोपी तालेब ए सऊदी अरब मूल का है और उसके खिलाफ सऊदी अरब में मानव तस्करी और कथित आतंकवाद का मामला चल रहा है। सऊदी अरब सरकार ने जर्मनी की सरकार से तालेब को प्रत्यर्पित करने की मांग भी की थी, लेकिन जर्मनी ने तालेब को सऊदी को नहीं सौंपा।



सोशल मीडिया पर इसे लेकर काफी कुछ कहा जा रहा है। इसे लेकर एक्स पर किए गए एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए मस्क ने लिखा कि 'आरोपी को जर्मनी में घुसने की ही इजाजत नहीं देनी चाहिए थी और जब सऊदी सरकार ने उसे प्रत्यर्पित करने की मांग की थी तो जर्मनी को ऐसा कर देना चाहिए था, लेकिन जर्मनी की सरकार को आत्मघाती सहानुभूति भारी पड़ गई।' मीडिया रिपोर्ट्स पर भड़के मस्क एलन मस्क ने एक अन्य ट्वीट को भी रिपोस्ट किया, जिसमें दावा किया गया था कि 'सऊदी सरकार ने जर्मनी से तीन बार हमले के आरोपी तालेब को प्रत्यर्पित करने की मांग की थी। यूरोप को अब अपनी आत्मघाती सहानुभूति से पीछे हट जाना चाहिए।' मीडिया रिपोर्ट्स में आरोपी को लेकर दावा किया जा रहा है कि वह इस्लाम विरोधी था और किसी धर्म को नहीं मानता था। इन मीडिया रिपोर्ट्स पर भी मस्क ने प्रतिक्रिया देते हुए नाराजगी जाहिर की और लिखा कि विरासत मीडिया फिर से झूठ बोल रहा है।

**हमले के आरोपी के नास्तिक होने पे उठे सवाल :** मस्क ने एक वीडियो को भी पोस्ट किया, जिसमें कहा गया है कि जर्मनी के क्रिसमस बाजार पर हमला करने वाला आरोपी तालेब कोई नास्तिक नहीं था ।

# सभी धर्मों-सीमाओं, संघर्षों से परे है ध्यान, कूटनीति का साधन भी, आध्यात्मिक व वैश्विक दिग्गजों के बयान

**नई दिल्ली ।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने प्रथम विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में ह्यवैश्विक शांति और सद्भाव के लिए ध्यानह्व कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें संयुक्त राष्ट्र के राजदूत, अधिकारी, कर्मचारी, नागरिक संस्थाओं के सदस्य और भारतीय-अमेरिकी प्रवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। उन्होंने कहा, ध्यान एक ऐसी चीज है जिसे कोई भी, कभी भी और कहीं भी कर सकता है। एजेंसी



### ध्यान को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से ध्यान को अपने जीवन का बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ध्यान किसी के जीवन में शांति और सद्भाव लाने का ताकतवर तरीका है। विश्व ध्यान दिवस पर उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, तकनीकी युग में एप-वीडियो हमारी दिनचर्या में ध्यान को शामिल करने में अच्छा साधन हो सकते हैं।

मैं सभी से अपील करता हूं कि ध्यान को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाक इसकी क्षमता का अनुभव करें। नेपाल : पीएम समेत हर कोई जुटा नेपाल के पीएम केपी शर्मा ओली सहित सैकड़ों लोग 21 दिसंबर को काठमांडो स्थित आर्मी पवेलियन में विश्व के प्रथम अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस के लिए एकत्र हुए।

उन्होंने विश्वव्यापी 32 घंटे के मैराथन ध्यान कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान ओशो तपोनन के स्वामी आनंद अरुण ने इसे गर्व की बात कहा।

### सद्गुरु ने कहा, यह बेहद अहम

आध्यात्मिक नेता सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस घोषित करने के संयुक्त राष्ट्र के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने इसे मानसिक संतुलन और स्वास्थ्य के रूप में आज मानवता के सामने आने वाली सबसे बड़ी समस्याओं से उबरने के लिए अहम बताया।

# पहली बार लंदन बंदरगाह पहुंचा नौसेना का आईएनएस तुशिल, ब्रिटेन में जोरदार स्वागत

**लंदन ।** मल्टी रोल स्टील्थ मल्टी-रोल स्टील्थ-गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस तुशिल अपनी पहली तैनाती में लंदन बंदरगाह पर पहुंचा है। तीन दिसंबर को नई दिल्ली में हुई भारत-ब्रिटेन की विदेश और रक्षा मुद्दों पर वार्ता के बाद पहली बार आईएनएस तुशिल लंदन पहुंचा। इसका ब्रिटेन में जोरदार स्वागत किया गया। आईएनएस तुशिल प्रोजेक्ट 1135.6 का एक उन्नत क्रिवाक क्क्क्रश्रेणी का युद्धपोत है।

इसे लेकर लंदन में भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर लिखा कि भारतीय उच्चायोग आईएनएस तुशिल का स्वागत करता है। भारतीय नौसेना के मल्टी रोल स्टील्थ मल्टी-रोल स्टील्थ-गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस तुशिल की प्रथम परिचालन तैनाती के लिए लंदन पहला बंदरगाह है। हाल ही में नौ दिसंबर को आईएनएस तुशिल को नौसेना में शामिल किया गया है।



तीन दिसंबर को नई दिल्ली में भारत-ब्रिटेन की विदेश और रक्षा मुद्दों पर वार्ता हुई थी। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा कि इसमें दोनों देशों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की और लगातार इसे बढ़ाने पर जोर दिया था। इसके बाद ही आईएनएस तुशिल को लंदन भेजा गया।

### जानिए आईएनएस तुशिल की खासियत

आईएनएस तुशिल प्रोजेक्ट 1135.6 का एक उन्नत क्रिवाक क्क्क्र श्रेणी का युद्धपोत है। इनमें से छह पहले से ही सेवा में हैं, जिसमें तीन तलवार श्रेणी के जहाज, बाल्टिस्की शिपयार्ड, सेंट पीटर्सबर्ग में निर्मित और तीन तीन फॉलो-ऑन तेग श्रेणी के जहाज, यंतर शिपयार्ड, कलिनिनग्राद में निर्मित हैं। आईएनएस तुशिल इस श्रृंखला में सातवां और दो उन्नत अतिरिक्त फॉलो-ऑन जहाजों में से पहला है। इसके लिए अक्तूबर 2016 में जेएससी रोसोबोरोनेक्सपोर्ट, भारतीय नौसेना और भारत सरकार के बीच अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे।

### इन हथियारों से लैस है आईएनएस तुशिल

इस युद्धपोत की लंबाई 409.5 फीट, बीम 49.10 फीट और ड्रॉट 13.9 फीट है। यह समुद्र में 59 किमी प्रति घंटे के रफ्तार से चल सकता है। यह समुद्र में 18 अधिकारियों समेत 180 सैनिकों को लेकर 30 दिनों तक रह सकता है।

आईएनएस तुशिल इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम से लैस हैं। इसमें 4 केटी-216 डिकॉय लॉन्चर्स लगे हैं। इसमें एक 100 मिलिमीटर की ए-190ई नेवल गन भी लगी है।

# सर्वसम्मति से पास हुआ संजय नगर रामलीला का आय-व्यय का ब्योरा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संजय नगर सैक्टर 23 की श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी के द्वारा वर्ष 2024 में आयोजित श्री रामलीला महोत्सव का आय व्यय का ब्यौरा रविवार को सर्वसम्मति से पास किया गया। संजय नगर रामलीला मैदान में कमेटी के संयोजक मोहन सिंह रावत और अशोक चांदीवाल की अध्यक्षता में एक बैठक की गई।

जिसमें कमेटी के द्वारा अधिकृत लेखा परीक्षक आर एस शर्मा के द्वारा वर्ष 2024 के रामलीला आयोजन का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिसे कमेटी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पास कर दिया। आयोजन के संयोजक अशोक चांदीवाल ने कहा कि आप सभी रामसेवकों के सहयोग से हम इस वर्ष की रामलीला का आयोजन सहजता से संपन्न करा सके हैं। हमें इस आपसी सदभावना को और अधिक मजबूत करते हुए आगामी वर्षों में भव्य रामलीला का आयोजन कराना है।

इसी कड़ी में मोहन सिंह रावत ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कमेटी के सदस्य कपिल वशिष्ठ ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हमारी कमेटी के नवीनीकरण की प्रक्रिया के संपन्न होने के साथ ही आगामी कार्यकाल के चुनाव की प्रक्रिया को भी आगे बढ़ाया जा रहा है।

अंत में आयोजन के मंच संचालक प्रदीप चौधरी ने सभी सदस्यों को आयोजन के लेखाजोखा को सदैव पारदर्शी बनाये रखने की शपथ दिलाई। इस बैठक में मुख्यतः मास्टर अमर दत्त शर्मा, अशोक चांदीवाल, मोहन सिंह रावत, वीरेन्द्र बाबू वर्मा, आर एस शर्मा, राजकुमार शर्मा, कपिल वशिष्ठ, प्रदीप चौधरी, निखिल प्रजापति, अरुण शर्मा, भगीरथ सिंह रावत, पूजा सिंह, शुभम चौधरी, पुष्पेन्द्र राघव, राजेश शर्मा, रविन्द्र राणा, हरीश शर्मा, अखिलेश सिंह, चेतन प्रकाश गौड, मुन्ना दुबे, किरनपाल तेवतिया, दीपक वर्मा, झम्मन सिंह, संजीव चौधरी, सुभाष गर्ग, सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# त्यागी युवक-युवती राष्ट्रीय परिचय सम्मेलन 2024 का सफल आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा, गाजियाबाद द्वारा रविवार को सोना पैलेस, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद में प्रातः 9.00 बजे से बारहवां विवाह योग्य त्यागी युवक युवती राष्ट्रीय परिचय सम्मेलन 2024 के सफल आयोजन का शुभारम्भ किया गया।





इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि सुभाष त्यागी उद्योगपति गोल्ड प्लस, बिनेश त्यागी सीएमडी, शिपिंग कश्वरपोरेशन ऑफ इंडिया तथा आनंद त्यागी, कुलपति काशी विद्यापीठ बनारस रहे, जिन्होंने अपने उद्गारों से समाज को लाभान्वित करने का कार्य किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश त्यागी, अध्यक्ष एसपीएस ग्रुप हैदराबाद द्वारा की गई। कार्यक्रम में अजय कृष्ण विश्वेश्वर पूर्व जिला न्यायाधीश, अनिल त्यागी सी एम डी न्यूबर्ग, अचल त्यागी आईपीएस की अति विशिष्ट अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में के सी त्यागी पूर्व राज्यसभा सांसद, बालेश्वर त्यागी पूर्व राज्य मंत्री, त्रिलोक त्यागी राष्ट्रीय महासचिव लोक दल, अजय राय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पावन सानिध्य रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजेंद्र त्यागी वरिष्ठ भाजपा नेता, अजीत पाल त्यागी विधायक मुरादनगर विधानसभा, ममता त्यागी जिला पंचायत अध्यक्ष ने मुख्य वक्ता के रूप में अपना वक्तव्य दिया।

इस अवसर पर परिचय पत्रिका का विमोचन भी किया गया। कार्यकम का संचालन पुनीत त्यागी महानगर अध्यक्ष तथा राजीव त्यागी प्रवक्ता ने संयुक्त रूप से किया। समाज के बुजुर्गों के मार्गदर्शन में बिरादरी द्वारा वैवाहिक रिश्ते भी तय किए गए। इस शुभ अवसर पर सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा महानगर अध्यक्ष की दावेदारी में सिर्फ नदिया पार के सरदार के किरदार की मत करो बात? यहां के चमन में खोड़ा वाले ठाकुर साहब की दावेदारी की भी चर्चाएं हर जगह सुनाई दे रही है साहब? भगवा कमांडर के दिल के चमन में मिस्टर चौहान रखते हैं विशेष स्थान? सुना है इनकी भी है पुराने कार्यकर्ता वाली पहचान? वैसे तो ठाकुर फैक्टर पर पार्टी नहीं कर रही है कोई विशेष विचार? अगर गेम थोड़ा सा भी पलटा, तो फिर मामला हो जायेगा चमन बहार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें धीरे-धीरे समझ आ रहा है ये फसाना? अब पहले जितना नहीं रहा है गाजियाबाद में साहब का आना? अब बस चुनिंदा समाजिक कार्यक्रमों में हो रहे है उनके दीदार? ना जाने क्या चल रहा है उनके जहन में विचार? हम तो उनसे दिल से जुड़े हैं? हम चाहते हैं कि साहब का हो अक्सर गाजियाबाद आना? आखिर दस सालों सुनाया है हमने उनकी मजबूती का जनता को तराना?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बदले-बदले से हैं अब सांसद और विधायकों के बीच के जज्बात? हम देख रहे हैं अब पहले की तरह नहीं होती है सबकी मीटिंग एकसाथ? नहीं आती हैं किसी भी तरह की डिनर डिप्लोमैसी वाली तस्वीरें बाहर? नहीं होते हैं किसी के अब लंच पर दीदार? कहने वाले ने कहा इन बातों को देखकर हमें होता है यही महसूस? दूरियां बढ़ गई हैं सबमें, भले ही चेहरों पर हंसी लाकर ये दें जनता को कितने ही सबूत?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नए साल में बदल जायेगा क्रान्तिकारी विधानसभा में सौम्यता की मिसाल पेश करने वाले भाजपा नेता योगेन्द्र मावी की राजनीति का स्टाईल? वो अपने व्यवहार के अनुसार सभी से सौम्य रहेंगे मगर कुछ चेहरों को लेकर आ जायेगी उनके फेस पर कठोर स्माईल? अब जनता के बीच में ही होंगे उनके दीदार? हर मौहल्ले में पहुंच कर वो बांटेंगे जनता में पार्टी के विचार? कहने वाले ने कहा उनका ये स्टाईल उड़ायेगा कई चेहरों की स्माईल? उनके भी मन में कैद है कई विरोधियों की फाईल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अपनी राजनीति की जमीन पर भले ही पूरी ना हुई हो डागर भैया की मुराद? मगर सुना है वो अब नए तरीके से करना चाह रहे हैं अपनी राजनीति का विकास? सुना है उन्होंने इसके लिए चुना है लखनऊ वाला रास्ता? लखनऊ में होने वाले 24 और 25 दिसम्बर के कार्यक्रम का वो कर रहे हैं जमकर प्रचार? मजबूत कर रहे हैं भैया से वो अपना वास्ता? कहने वाले ने कहा हमें डागर भैया के समर्पण पर नहीं है कोई डाउट? वो अक्सर कुछ दिनों की सक्रियता दिखा कर हो जाते हैं लंबे समय के लिए आउट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पार्टी को इस बार मंडल से लेकर अन्य ताजपोशियों पर रखना चाहिए सामान्य कार्यकर्ता भी ध्यान? जरूरी नही कि जिसकी प्रोफाईल बड़ी गाड़ियों वाली हो उसे ही दिया जाये संगठन में स्थान? कहने वाले ने कहा जग्गी सिंह केवट जैसे कार्यकताओं को भी मजबूत पद देने के लिए करना चाहिए पार्टी को विचार? लेने वाले ले लें भगवा कमांडर से इस चेहरे की मेहनत की रिपोर्ट? वो खुद बता देंगे उनके चुनाव में अपना घर बार छोड़ कर रात दिन किया था केवट ने प्रचार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इन्दिराजी पुरम वाले एरिया से मंडल वाली ताजपोशी को लेकर एक बात है निकल कर बाहर आई? पता चला है शंकर जी के प्रिय ठाकुर ने भगवा कमिश्नर बनने के लिए अपनी उम्र थी चुनाव अधिकारी को कम बताई? मगर उनके इस राज को गए थे एक स्थानिय पंजाबी चेहरे भांप? उन्होंने मौके पर ही दिया था पूरा मामला नाप? पेश कर दिया था चुनाव प्रभारी के सामने शंकर जी के प्रिय का आधार कार्ड के अनुसार उन्होंने सात साल की कर दी थी उन्होंने उम्र में कांट-छांट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब गाजियाबाद में आये थे नाथ? तब हो रही थी यहां पर भगवा कमिश्नरी में कौन बनेगा अध्यक्ष, इस बात पर बात? कहने वाले ने कहा हमारी नाथ जी पर थी नजर और पहलवान जी पर थे कान? वो पूरे शिद्दत से ले रहे थे अपने प्रिय सौंफ वाले शर्मा का नाम? अपने प्रिय आशीष से कह रहे थे बात स्पष्ट? बोल रहे थे नाथ जी के सामने हमने लेना है अपने पंडत का ही पक्ष? बख्शी जी ने नदिया पार में अपना जन्मदिन मनाया था बहुत जोरदार? उनके बर्थडे में हुए थे कई पार्षदों के दीदार? बख्शी जी सोच रहे थे कि भगवा कमिश्नरी के लिए अधिकतर पार्षद लेंगे उनका स्थान? हुए भी कुछ ऐसा मेजोरिटी में लिया अधिकतर पार्षदों ने उनका नाम? मगर बर्थडे का केक खाने वाले दो पार्षदों ने दिखा दी बेवफाई? उन्होंने चुनाव अधिकारी से कहा इस बार इस सीट पर किसी और चेहरे का दीदार हम करना चाहते हैं भाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब चल रही थी मंडल के चुनाव वाली मीटिंग? तब पूरी एकजुटता से नदिया पार की ठाकुर टी-सीरिज ने भी बिठाई हुई थी अपनी सिटिंग? इन तीनों ने एक ही चेहरे को लेकर बनाया हुआ था अपना विचार? ये चाहते हैं कि नीत जगाने वाले त्यागी जी के हों इस बार अध्यक्ष पद पर दीदार? सुना है इन्होंने मौजूदा वालों के खिलाफ पूरी ताकत से दौड़ाये हुए हैं घोड़े? जहां मौका मिल रहा है वहां वो बिछा रहे हैं उनकी राहों में रोड़े?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि देखों हमारे मौहल्ले के लोग उठा रहे हैं हमारे खिलाफ आवाज? वो हमसे इस बात पर नाराजगी दिखायेंगे बेहिसाब? हम तो अटल चौक पर धरना देने वाली बात करा रहे हैं सौंफ वाले शर्मा जी को याद? क्या हुआ तुम्हारा वादा, कुछ तो करो उसको याद? अटल चौक का उद्धार नहीं हुआ तो इस मामले में शर्मा जी ने कही थी बड़ा धरना देने की बात? अब तो 25 दिसम्बर भी आने वाली है? क्या हैं उनके अब बड़े-बड़े वादों के हालात? हम देख रहे हैं मौहल्ले के ग्रुप पर लोग मार रहे हैं उनको ताना? कहने वाले ने कहा लाजमी होगा अब शर्मा जी का धरने पर बैठ जाना?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

## 22 से 28 दिसंबर तक होगा कथा का आयोजन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के न्याय खंड 2 पर्वतीय प्रवासी जन कल्याण समिति द्वारा सेंट्रल पार्क से रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा न्याय खंड 2 सेंट्रल पार्क परिसर से शुरू और आम्रपाली विलेज न्याय खंड के विभिन्न ब्लाकों में होती हुई सेंट्रल पार्क पर समाप्त हुई।

यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन-पूजन किया गया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक भगवती प्रसाद कुरकेति ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है।

उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म-जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। संस्था के अध्यक्ष सागर रावत ने बताया श्रीमद्भागवत कथा 22 से 28 दिसंबर तक चलेगी, कथा के समापन पर 29 की सुबह भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पर्वतीय प्रवासी जनकल्याण समिति इंदिरापुरम अध्यक्ष सागर रावत, महासचिव दिनेश बडोला, उपाध्यक्ष सुबोध कोटनाला, गिरीश रावत आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# डॉ. बीआर अंबेडकर जन्मोत्सव समिति महानगर ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डॉ. बीआर अंबेडकर जन्मोत्सव समिति महानगर गाजियाबाद के साथ सैकड़ों की संख्या में डॉ. अंबेडकर अनुयायियों एवं कई अन्य अराजनीतिक संगठनों ने प्रदर्शन कर गृहमंत्री द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी का विरोध करते हुए जिलाधिकारी को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। समिति अध्यक्ष ललित दास ने ज्ञापन में अवगत कराते हुए कहा कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर पर अपमानजनक की गई टिप्पणी का विरोध करते हैं।

इस ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हैं कि गृहमंत्री अमित शाह जल्द से जल्द अंबेडकर अनुयायियों से माफी मांगें। ऐसे नेता को संसद से बर्खास्त किया जाए ताकि वह कभी किसी भी महापुरुष का अपमान ना कर सके।

# शंभू दयाल पीजी कॉलेज में भाषण एवं एकल काव्य प्रतियोगिता आयोजित



## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शंभू दयाल पीजी कॉलेज गाजियाबाद में 19 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सांस्कृतिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता एवं एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार क्रमशः सफलता, विश्वजीत और विकास कुमार ने प्राप्त किया। कविता प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार क्रमशः कोमल, विश्वजीत, कृष्णा तिवारी ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त सांत्वना पुरस्कार कृतिका और विकास कुमार को दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अखिलेश मिश्रा द्वारा की गई। मुख्य अतिथि रहे हिंदी विभाग के प्रोफेसर राज नारायण शुक्ला। निर्णायक मंडल में हिंदी विभाग की प्रोफेसर डॉ. गीता पांडे, मनोविज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. अनिल असिस्टेंट प्रोफेसर अमित गौतम की सहभागिता रही।

कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग की प्रोफेसर डॉक्टर नीलम गर्ग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रोग्राम ऑफिसर डॉक्टर रीना शर्मा एवं प्रियंका गंगवार अन्य शिक्षक साथियों में डॉ. कमलेश भारद्वाज, डॉ. अजय उपाध्याय, डॉ. जयकुमार सिरोहा उपस्थित रहे।

# रामप्रस्थ विकास सेवा समिति ने लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रामप्रस्थ विकास सेवा समिति द्वारा मदर डेयरी बूथ के पास, रामप्रस्थ में रविवार को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 200 लोगों के करीब रक्त, कोलेस्ट्रॉल बीएमडी परीक्षण, नेत्र, दंत, ईसीजी परीक्षण कराया गया। इस अवसर पर आरवीएसएस टीम से कवलजीत सिंह सिक्का, सुभाष शर्मा, वीनू चितकारा, सुरेश भंसाली, ललित चोपड़ा, के.के.अवस्थी, राजीव दुग्गल, दीपाली, अंकित गाबा, विशाल अरोड़ा आदि क्षेत्रवासियों ने इस स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन की सराहना की तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजन की कामना की। इस मौके पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के जनरल सेक्रेटरी जैसमैन सिंह नौनी ने कहा कि रामप्रस्थ कॉलोनी के आसपास के निवासी केवल 50 रुपये के सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा एमआरआई परीक्षण की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

# नीति खंड-तीन आरडब्लूए ने किया वार्षिक सरगम कार्यक्रम का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम वार्ड 98 के नीति खंड 3 में आरडब्ल्यूए दोबारा वार्षिक सरगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कुछ छात्रों ने सामूहिक नृत्य और पारंपरिक नृत्य पेश कर खूब वाहवाही बटोरी। मुख्य रूप से पार्षद डॉ अनिल तोमर, डॉ लीना तोमर, आरडब्लूए अध्यक्ष परविंदर यादव ने बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। आरडब्लूए अध्यक्ष परविंदर यादव ने कार्यक्रम में आए अतिथियों और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पवन शर्मा सचिन कुमार दिनेश त्यागी मीनू भावना शर्मा अनुराग गुप्ता डालचंद जितेंद्र शर्मा संदीप मलिक अंकित शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# त्यागी ब्राह्मण समाज का वार्षिकोत्सव एवं वेबसाइट लॉन्चिंग कार्यक्रम आयोजित



गाजियाबाद, करंट क्राइम। त्यागी ब्राह्मण समाज रजिस्टर्ड का वार्षिकोत्सव एवं वेबसाइट लॉन्चिग कार्यक्रम रविवार को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर लोधी स्टेट नई दिल्ली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम समाज के मुख्य संरक्षक के सी त्यागी पूर्व सांसद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विशिष्ट मुख्य अतिथि डॉ. संजय त्यागी हैड कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट अपोलो हॉस्पिटल एवं मुख्य अतिथि संजय त्यागी आईपीएस एडिशनल कमिश्नर आफ पुलिस एवं अन्य मुख्य अतिथि डॉक्टर सुधीर त्यागी न्यूरोसर्जन अपोलो हॉस्पिटल एवं अजय त्यागी रिटायर्ड आईएएस अजीत त्यागी पूर्व एयर वाइस मार्शल प्रदीप कुमार पूर्व आईआरएस आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे केसी त्यागी ने समाज में युवाओं की भागीदारी, समाज के सर्वांगीण विकास एवं राष्ट्र के लिए समर्पण भाव एवं समाज में युवाओं को स्वरोजगार की तरफ अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर त्यागी ब्राह्मण समाज की वेबसाइट को लॉन्च किया गया।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बेटे के जन्मदिन पर एक पिता ने जन्म के उत्सव पर सभी से प्यार ओर आशीर्वाद की आकांशा की। शेखर त्यागी ने अपने सुपुत्र अनंत त्यागी के जन्मदिन की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।